Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 296 | मंगलवार, 28 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ चार दिवसीय व्रत



**नई दिल्ली**। आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का आज भव्य समापन हुआ। मंगलवार तड़के पिहोवा स्थित सरस्वती तीर्थ पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय व्रत विधिवत रूप से संपन्न हो गया।

सुबह करीब चार बजे से ही श्रद्धालु सरस्वती सरोवर की ओर बढ़ने लगे। कई श्रद्धालु दंडवत करते हुए तट तक पहुंचे। महिलाओं ने सरस्वती सरोवर में पवित्र स्नान कर दीपदान किया और जल में खड़े होकर सूर्य नारायण की आराधना की। इस दौरान सरस्वती तट पर जलते हजारों दीपों की लौ से दृश्य अत्यंत मनोहारी हो उठा।

पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों की गूंज रही, वहीं नन्हे बच्चों ने नृत्य कर मां छठी के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त की। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक गीतों के साथ सूर्यदेव से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सरपंच विकल चौबे ने बताया कि उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न हुआ। पूजा के उपरांत श्रद्धालु घर लौटकर मां छठी का प्रसाद – फल, मिठाई और ठेकुआ अपने परिजनों व पड़ोसियों में वितरित करेंगे।सरस्वती तीर्थ का पूरा परिसर दीपों, गीतों और श्रद्धा की रोशनी से आलोकित हो उठा – जो आस्था, शुद्धता और सूयोर्पासना का प्रतीक दृश्य प्रस्तुत कर रहा था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने छठ पूजा में हिस्सा लिया



**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में छठ पूजा में हिस्सा लिया, जहां श्रद्धालुओं ने सोमवार को डूबते सूरज को अर्घ्य दिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने ह्यएक्स' पर इस आयोजन की तस्वीरें पोस्ट कीं। उसने कहा कि इस मौके पर राष्ट्रपति ने साथी नागरिकों की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित चार दिवसीय त्योहार है, जो मंगलवार को संपन्न होगा। राष्ट्रपति ने साथी नागरिकों की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## बिना अनुमति मोदी के नाम पर स्टडी सेंटर चलाने को लेकर केस दर्ज

**नई दिल्ली**। सीबीआई ने केंद्र सरकार या प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से अनुमति लिए बिना कथित तौर पर ह्यसेंटर फॉर नरेंद्र मोदी स्टडीज' स्थापित और संचालित करने के आरोप में अलीगढ़ के एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा दर्ज कराई गई उस शिकायत पर कार्रवाई की है, जिसमें अलीगढ़ के एक वकील की शिकायत संलग्न करते हुए आरोप लगाया गया कि जसीम मोहम्मद बिना पूर्व अनुमति के यह केंद्र संचालित कर रहे हैं, जो संप्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग निवारण) अधिनियम, 1950 का उल्लंघन है। पीएमओ के सहायक निदेशक से शिकायत प्राप्त होने के बाद, एजेंसी ने इस वर्ष अप्रैल में प्रारंभिक जांच शुरू की थी। सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जसीम मोहम्मद ने केंद्र सरकार या प्रधानमंत्री कार्यालय की पूर्व अनुमति के बिना, 25 जनवरी 2021 को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत ह्यसेंटर फॉर नरेंद्र मोदी स्टडीज' का पंजीकरण कराया।

## भारत ने ऊर्जा व्यापार का दायरा घटने के मुद्दे पर जताई चिंता



**नई दिल्ली**। भारत ने ऊर्जा व्यापार का दायरा लगातार सीमित होने, मानदंडों के चयनात्मक अनुप्रयोग और बाजार पहुंच के मुद्दों पर सोमवार को गंभीर चिंता जताई। विदेश मंत्री एस जयशंकर की यह टिप्पणी रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर अमेरिका के साथ भारत के संबंधों में तल्खी आने की पृष्ठभूमि में आई है।


कुआलालंपुर में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि विश्व को आतंकवाद के प्रति ह्यह्यकतई बर्दाश्त नहीं करने" की नीति अपनानी चाहिए। इस खतरे के खिलाफ रक्षा के अधिकार से कभी समझौता नहीं किया जा सकता। सम्मेलन में ऊर्जा व्यापार, बाजार पहुंच और आपूर्ति श्रृंखलाओं से संबंधित उनकी टिप्पणियों ने ध्यान आकर्षित किया। जयशंकर ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं की विश्वसनीयता और बाजारों तक पहुंच को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। प्रौद्योगिकी प्रगति बहुत प्रतिस्पर्धी हो गई है।

प्राकृतिक संसाधनों की खोज तो और भी अधिक प्रतिस्पर्धी हो गई है। ऊर्जा व्यापार का दायरा सीमित होता जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप बाजार से जुड़ी समस्याएं पैदा हो रही हैं। सिद्धांतों को चुनिंदा तरीके से लागू किया जाता है और जो उपदेश दिया जाता है, जरूरी नहीं कि उस पर अमल भी किया जाए। जयशंकर की यह टिप्पणी ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ (शुल्क) लगाने के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में तेजी से आई गिरावट के बीच आई है, जिसमें रूसी तेल की नई दिल्ली की खरीद पर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है।

## अमेजन में छंटनी की तैयारी, 30,000 कर्मचारियों की नौकरी पर संकट

**सैन फ्रांसिस्को**। दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन अपने खर्चों को कम करने के लिए फिर बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की योजना बना रही है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी 30,000 कॉर्पोरेट कर्मचारियों की छंटनी कर सकती है। यह छंटनी मंगलवार से शुरू हो सकती है। यह अमेजन के लगभग 350,000 कॉर्पोरेट कर्मचारियों का करीब 10% है। दरअसल, कंपनी ने कोरोना संक्रमण काल के दौरान बहुत अधिक लोगों को काम पर रख लिया था और अब मांग कम होने के कारण खर्चों में कटौती करना चाहती है। इससे पहले 2022 के अंत में कंपनी ने 27,000 कर्मचारियों को निकाला था।

## हमें युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए : राजनाथ



**नई दिल्ली**। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत को युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि मई में पाकिस्तान के साथ चार दिनों के सैन्य संघर्ष ने दिखा दिया कि सीमाओं पर कभी भी कुछ भी हो सकता है।

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यद्यपि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को कड़ा जवाब दिया था, लेकिन इसे राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने और सीखने के लिए एक केस स्टडी के रूप में काम करना चाहिए।रक्षा मंत्री ने कहा कि 7-10 मई के अभियान के दौरान स्वदेशी निर्मित सैन्य उपकरणों के प्रभावी उपयोग से क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हालांकि हमने दृढ़ संकल्प के साथ जवाब दिया और हमारी सेनाएं देश की सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं, फिर भी हमें आत्मचिंतन करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक केस स्टडी के रूप में काम करेगा, जिससे हम सीख सकें और अपना भविष्य तय कर सकें। इस घटना ने हमें एक बार फिर दिखाया है कि हमारी सीमाओं पर, कहीं भी, कभी भी कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी हमारी अपनी बुनियाद पर आधारित होनी चाहिए। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितताएं प्रत्येक क्षेत्र का गहन मूल्यांकन करने की मांग करती हैं, तथा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशीकरण ही एकमात्र रास्ता है।

## पश्चिमी तुर्किए में भूकंप के तेज झटके, 6.1 मापी गई तीव्रता

**इस्तांबुल**। तुर्किए के पश्चिमी हिस्से में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.1 मापी गई है। आपदा एवं आपात प्रबंधन एजेंसी (अऋअऊ) के अनुसार, भूकंप का केंद्र बालीकेसिर प्रांत के सिंदिर्गी कस्बे में था। इसके झटके इस्तांबुल, बुरसा, मनिसा और इजमिर प्रांतों में भी महसूस किए गए।

भूकंप रात 10:48 बजे स्थानीय समयानुसार 5.99 किलोमीटर की गहराई में आया। झटकों के बाद कई आफ्टरशॉक भी महसूस किए गए। वहीं, इन झटकों में सिंदिर्गी कस्बे में तीन क्षतिग्रस्त इमारतें और एक दो मंजिला दुकान ढह गईं। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

वहीं, तुर्किए के गृहमंत्री अली यरलिकाया ने बताया कि जो इमारतें ढह गई हैं वे पहले से ही खाली थीं। वहीं, दो घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

## यूक्रेन युद्ध के बीच पुतिन का बड़ा एलान, नए न्यूक्लियर मिसाइल टेस्ट का दावा; अमेरिका को भी दी चेतावनी

**मॉस्को**। अमेरिकी प्रतिबंधों और यूक्रेन पर बढ़ते दबाव के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी परमाणु शक्ति का प्रदर्शन किया है। उन्होंने हाल ही में एक नए परमाणु-संचालित क्रूज मिसाइल ह्यबुरेवेस्टनिकह्ण के सफल परीक्षण की घोषणा की है। पुतिन का यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीधा संदेश माना जा रहा है कि रूस किसी भी दबाव में झुकने वाला नहीं है।

यूक्रेन पर किसी भी कीमत पर समझौता नहीं: पुतिन का संकेत



ट्रंप प्रशासन की ओर से रूस के तेल उद्योग पर नए प्रतिबंध लगाए जाने और तत्काल युद्धविराम की अपील के बाद पुतिन ने अपने परमाणु अभ्यासों के जरिए एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि मॉस्को यूक्रेन पर अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को उन चार क्षेत्रों से अपनी सेना पीछे हटानी होगी, जिन्हें रूस ने 2022 में अवैध रूप से कब्जा किया था, साथ ही उसे ठअळड में शामिल होने की कोशिश भी छोड़नी होगी। रूस का दावा है कि ह्यबुरेवेस्टनिकह्ण दुनिया की पहली ऐसी न्यूक्लियर-पावर्ड मिसाइल है, जो लगातार कई दिनों तक उड़ान भर सकती है और किसी भी दिशा से दुश्मन पर वार करने की क्षमता रखती है।

## एसआईआर का दूसरा चरण 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 4 नवंबर से होगा शुरू



**नई दिल्ली**। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद आगामी 4 नवंबर से शुरू होगी। अंतिम मतदाता सूची अगले साल फरवरी में प्रकाशित होगी।

दूसरे चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में एसआईआर कराया जाएगा। इनमें तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव संभावित हैं। कुमार ने स्पष्ट किया कि असम में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की घोषणा अलग से की जाएगी। असम में भी अगले साल विधानसभा चुनाव संभावित है। एसआईआर का दूसरा चरण चार नवंबर को गणना प्रक्रिया के साथ शुरू होगा और यह 4 दिसंबर तक चलेगा। निर्वाचन आयोग नौ दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची जारी करेगा और अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

कुमार ने असम के संदर्भ में कहा कि इस प्रदेश में नागरिकता अधिनियम का एक अलग प्रावधान लागू होता है। उनका कहना था कि नागरिकता अधिनियम के तहत, असम में नागरिकता के लिए अलग प्रावधान हैं। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नागरिकता की जांच का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। 24 जून का एसआईआर आदेश पूरे देश के लिए था। ऐसी परिस्थितियों में यह असम पर लागू नहीं होता। इसलिए असम के लिए अलग से पुनरीक्षण आदेश जारी किए जाएंगे। एसआईआर की एक अलग तिथि घोषित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मौजूदा एसआईआर स्वतंत्रता के बाद से ऐसी नौवीं कवायद है और पिछला एसआईआर 21 वर्ष पहले 2002-04 में हुआ था। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई और इसको लेकर कोई भी अपील नहीं आई जो इस कवायद की सबसे बड़ी खूबी रही। दूसरा चरण 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा। एसआईआर यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी योग्य मतदाता का नाम छूट न जाए और किसी भी अयोग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो।

उन्होंने आगे कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। गणना प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू होगी, जबकि मसौदा मतदाता सूची 9 दिसंबर को और अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने पश्चिम बंगाल सरकार के साथ किसी भी टकराव की स्थिति बनने से भी इनकार किया। प्रदेश की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर अपनी आपत्तियां जताई हैं। निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार के बीच कोई टकराव नहीं है। आयोग एसआईआर प्रक्रिया को अंजाम देकर अपना संवैधानिक कर्तव्य निभा रहा है। राज्य सरकार भी अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करेगी।

## तट से टकराया चक्रवात ह्यमोंथा', बारिश और तेज आंधी, अधिकारी हाई अलर्ट पर



**नई दिल्ली**। आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक प्रखर जैन ने सोमवार को बताया कि चक्रवात ह्यमोंथा' के तट से टकराने की शुरूआत हो गई है। इसे एक गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। तटीय जिलों में बारिश और तेज आंधी चल रही है। जैन ने एक विज्ञप्ति में बताया, ह्लचक्रवात टकराना शुरू हो गया है। तटीय जिलों में आंधी के साथ बारिश हो रही है।

जैसे-जैसे यह तूफान जमीन के पास पहुंचेगा और तेज होता जाएगा। पिछले छह घंटों में चक्रवात 18 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ा और शाम तक यह विशाखापत्तनम से लगभग 560 किलोमीटर दूर था। मंगलवार सुबह तक इसके एक गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। चक्रवाती तूफान 28 अक्टूबर की शाम या रात में एक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में काकीनाडा के पास आंध्र प्रदेश के तट को पार कर सकता है। जैन ने तटीय जिलों के निवासियों से सतर्क रहने और सुरक्षा परामर्श का पालन करने का आग्रह किया।

एनटीआर जिलाधिकारी जी. लक्ष्मीशा ने बताया कि सभी विभाग हाई अलर्ट पर हैं। कई टीमें तैनात की गई हैं और समन्वय से काम कर रही हैं। हमने 180 पुनर्वास केंद्र तैयार रखे हैं, साथ ही मौसम की निरंतर निगरानी के लिए 24 ड्रोन भी तैनात किए हैं। विजयवाड़ा के पुलिस आयुक्त एसवी राजशेखर बाबू ने बताया कि पुलिस विभाग चक्रवात के लिए पूरी तरह तैयार है और प्रत्येक वार्ड सचिवालय में अधिकारी तैनात हैं। एक नियंत्रण कक्ष स्थिति पर नजर रख रहा है और वास्तविक समय के आकलन के लिए 42 ड्रोन तैनात किए गए हैं। एहतियात के तौर पर 360 घरों के निवासियों को निकाला जा रहा है। चक्रवात ह्यमोंथा' के कारण कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश और तेज हवाएं चलीं, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। चित्तूर जिले के नागरी निर्वाचन क्षेत्र में चक्रवात के प्रभाव के कारण चार दिनों से लगातार मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई है।

## संपादक की कलम से

# इंदौर में शर्मनाक

देश में स्वच्छता के तमाम मानक सिद्ध करने वाले इंदौर में दो आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों का पीछा किए जाने और छेड़छाड़ की घटना देश को शर्मसार करने वाली है। ऐसे वक्त में जब देश वर्ष 2030 में राष्ट्रमंडल और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने का दावा कर रहा है, इस तरह की घटनाएं भारत की छवि को धूमिल करने वाली हैं। आईसीसी महिला


ललित शर्मा
संपादक

क्रिकेट विश्वकप में हिस्सा लेने आई ये खिलाड़ी गुरुवार की सुबह अपने होटल से बाहर निकलीं और एक कैफे की ओर जा रही थीं। इस बीच एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने उनका पीछा करना शुरू किया। उसने इन खिलाड़ियों में से एक को गलत तरीके से छुआ और फिर घटनास्थल से भाग खड़ा हुआ। विडंबना देखिए कि पुलिस को अभियुक्त को पकड़ने में डेढ़ दिन का समय लगा। बताया जाता है कि उसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इस निंदनीय कृत्य पर प्रतिक्रिया देने में समय लगाया। वहीं दूसरी ओर राज्य क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने संकेत दिया कि दोनों खिलाड़ियों ने संभवत: सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। वहीं दूसरी ओर आस्ट्रेलियाई टीम ने सिरे से इसका खंडन किया है। निस्संदेह, यह चूक और ज्यादा गंभीर है क्योंकि इंदौर को मेहमान टीमों के लिये एक सुरक्षित शहर माना जाता है। जाहिर है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं थी। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला मामला देश में अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के आयोजकों के लिये एक चेतावनी जरूर है। यह भारत की छवि के लिये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि देश में विदेशियों, खासकर पर्यटकों को यौन उत्पीड़न का आसान निशाना माना जाता है। इस साल, राजस्थान में एक फ्रांसीसी पर्यटक के साथ दुराचार हुआ, वहीं दूसरी ओर कर्नाटक में एक इस्राइली पर्यटक का यौन उत्पीड़न किया गया। विदेशी खिलाड़ियों की सीमित आवाजाही से उनके यौन अपराधों का शिकार होने की आशंका कम होनी चाहिए। लेकिन इंदौर की शर्मनाक घटना बताती है कि सुरक्षा में जरा सी चूक का फायदा अपराधी उठा सकते हैं। अगले महीने होने वाली राष्ट्रमंडल खेल महासभा, अहमदाबाद में 2030 के खेलों की मेजबानी के लिये अपनी मुहर लगाने वाली है। इतने बड़े आयोजन का सुरक्षित ढंग से निष्पादित किया जाना, कई चुनौतियों की ओर भी इशारा करता है। ऐसे में दुनिया भर से आने वाली महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निस्संदेह, इंदौर जैसी घटनाओं से भारत की वैश्विक छवि दांव पर लगती है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि वसुधैव कुटुम्बकम? का उद्घोष सिर्फ नारा नहीं रहना चाहिए। हम सब को मिलकर उसे व्यवहार में लाना चाहिए और इसके मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। समाज विज्ञानियों को इस बात पर मंथन करना चाहिए कि हमारे समाज में यौन अपराधों का ग्राफ इतनी तेजी से क्यों बढ़ रहा है। समाज में नैतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का प्रयास शिक्षा व अन्य माध्यमों से करना चाहिए। फिलहाल जो हालात हैं, वे हमारी वैश्विक छवि को धूमिल ही करते हैं।

## उदय किशोर साह



### अगहन का आगमन

कविता

ठंडक का दिखने लगा है आज अब नजारा
नभ पे काँप रहा है सब चमकता सितारा
पश्चिम से आती ठंड हवा तन मन को कँपाया
देखो जाड़ा ऋतु धरा पे अगहन में है आया

सूरज की किरणों की गरमी तन मन को प्यारा
सुबह शाम गाँव में अग्नि होता है एक सहारा
कुहरे की चादर में सिमट गया पृथ्वी सारा
गरमी ने ले ली धरातल से अब खुद ही किनारा

नदी की बर्फीली पानी देख तन मन घबराया
सुबह स्नान करने में ये अब संकोच दिखलाया
बाल गोपाल शीत से शोर गाँव जवार में मचाया
रजाई में शरण पाने को नित्य ही चिल्लाया


खेतों में अरहर की फलियाँ हो गई जहाँ जवान
पीली फूल सरसों की महका रही हैं ये जहांन
आलू गोभी हाट में तरोताजा बन कर आया
नई चावल नई दाल संग संग थाली में पाया

रात रजनी ठंड से बहुत ही यहाँ है रोई
आँसू उनकी नैन से बह शबनम बन बोई
सुबह सुबह धुन्ध का धरातल पे है सारा
अगहन की ठंडक कितना सुंदर कितना प्यारा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नया सैन्य गठजोड़ भारत के लिये चुनौती


ललित गर्ग



वेलकम इंडिया

हाल ही में पाकिस्तान समेत संयुक्त अरब अमीरात, कतर और अजरबैजान के बीच बन रहे सैन्य गठजोड़ की खबरें भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। यह घटनाक्रम न केवल दक्षिण एशिया बल्कि मध्य एशिया और खाड़ी क्षेत्र के भू-राजनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित कर रहा है। पाकिस्तान लगातार अपनी रक्षा और कूटनीतिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय हुआ है और वह ऐसे देशों से निकटता बढ़ा रहा है जो भारत के रणनीतिक हितों के लिए चुनौती बन सकते हैं। भारत को इस नए उभरते गठजोड़ को केवल एक सामान्य रक्षा समझौते के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे एक दीर्घकालिक रणनीतिक प्रयास के रूप में समझना चाहिए, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को सुधारना और भारत पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाना है। भारत की विदेश नीति और सुरक्षा के मद्देनजर इस तरह के गठबंधन बड़ी चुनौती के लिहाज देखे जाने चाहिए।

पिछले महीने पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए ऐतिहासिक सैन्य समझौते, जिसके तहत एक देश पर हुआ हमला दूसरे देश पर भी माना जाएगा, की तर्ज पर ही इस सैन्य गठजोड़ का विचार सामने लाया गया है। हालांकि इन चार देशों के बीच अभी कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में इसकी घोषणा हो जाएगी। गौरतलब है कि तुर्किये, पाकिस्तान और अजरबैजान का त्रिपक्षीय गठबंधन, जिसे थ्री ब्रदर्स के नाम से जाना जाता है, एक मजबूत सैन्य साझेदारी का रूप ले चुका इसके अतिरिक्त, इस्लामिक मिलिट्री काउंटर टेररिज्म कोएलिशन (आईएमसीटीसी) भी है, जिसका संस्थापक सऊदी अरब है और जिसमें चालीस से अधिक सदस्य देश शामिल हैं। इन देशों के बीच सैन्य अभ्यास, हथियार सौदे और कश्मीर जैसे मुद्दों पर इनका स्वाभाविक सामूहिक रुख भारत के लिए चिंता का विषय रहा है। इससे पाकिस्तान अपनी कुचालों का जायज ठहराने एवं अपनी रक्षा की गुहार लगाते हुए भारत पर दबाव बनाना चाहता है। नहीं भूलना चाहिए कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, तब ज्यादातर मुस्लिम देशों ने तटस्थ रुख अपनाया था, लेकिन तुर्किये और अजरबैजान दो ऐसे मुल्क थे, जो पूरी तरह से पाकिस्तान के समर्थन में खड़े थे। दरअसल, तुर्किये के राष्ट्रपति तैयब अर्दोआन की इस्लामिक दुनिया के मॉडर्न खलीफा बनने की सनक का पाकिस्तान समर्थन करता है, इसी वजह से तुर्किये ने संयुक्त राष्ट्र में भी कश्मीर पर पाकिस्तान के रुख का खुला समर्थन किया है।

सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ हालिया रक्षा समझौता इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान अब अपनी सुरक्षा रणनीति को क्षेत्रीय स्तर पर फैलाने में सफल हो रहा है। यह समझौता इस सिद्धांत पर आधारित है कि अगर किसी एक देश पर हमला होता है तो दोनों की संयुक्त प्रतिक्रिया होगी। यह बात भारत के लिए सीधे तौर पर खतरे की घंटी है क्योंकि इससे पाकिस्तान को रक्षा सहायता, प्रशिक्षण, संसाधन और राजनीतिक समर्थन प्राप्त हो सकता है। इसी तरह पाकिस्तान अजरबैजान, यूएई और कतर जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को मजबूत करने में जुटा है। इन देशों के साथ पाकिस्तान का यह बढ़ता सामरिक सहयोग उसके लिए आर्थिक और तकनीकी लाभ भी लेकर आ सकता है, जिससे भारत के लिए क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना कठिन हो सकता है। भारत को इन परिस्थितियों में अपनी विदेश नीति को अधिक सशक्त और लचीला बनाना होगा। अब वह समय बीत चुका है जब भारत केवल पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता और सीमित क्षेत्रीय चिंताओं के आधार पर नीति बनाता था। आज की दुनिया में भू-राजनीति बहुस्तरीय हो चुकी है, जहां आर्थिक संबंध, तकनीकी साझेदारी और रक्षा सहयोग एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने खाड़ी देशों से संबंधों को और सुदृढ़ करे। यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध पहले से ही मजबूत हैं, पर उन्हें रक्षा सहयोग के स्तर पर भी विस्तारित करने की जरूरत है। भारत यदि इन देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाता है तो पाकिस्तान को क्षेत्रीय स्तर पर अलग-थलग करने में मदद मिल सकती है।

साथ ही भारत को यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान केवल सैन्य ताकत पर नहीं, बल्कि कूटनीतिक चालों और मीडिया नैरेटिव के माध्यम से भी अपनी स्थिति को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में भारत को न केवल रक्षा मोर्चे पर बल्कि कूटनीतिक और सूचनात्मक मोर्चे पर भी सक्रिय रहना होगा। भारत की नीति प्रतिक्रियात्मक न होकर सक्रिय, दूरगामी और अग्रदर्शी होनी चाहिए। भारत को यह दिखाना होगा कि वह केवल अपनी सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शांति का भी एक भरोसेमंद संरक्षक है। भारत ही दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने की मुहिम छेड़े हुए है। भारत के लिए यह भी जरूरी है कि वह अपने मित्र देशों के साथ सामूहिक सुरक्षा दृष्टिकोण विकसित करे। जिस तरह अमेरिका और यूरोपीय संघ सामूहिक रक्षा नीति पर चलते हैं, उसी तरह भारत को भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र, एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट ऐशियन नेशनस-देशों और मध्य पूर्व में सहयोगी नेटवर्क को सुदृढ़ करना चाहिए। यह केवल सैन्य दृष्टि से नहीं बल्कि कूटनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भी भारत की स्थिति को मजबूत करेगा।

पाकिस्तान की नई विदेश नीति की दिशा साफ है- वह भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है, चाहे वह चीन के साथ सीपेक परियोजना के माध्यम से हो या अब मध्य-पूर्व के देशों के साथ रक्षा सहयोग के जरिए। भारत को इस घेराबंदी को तोड़ने के लिए तीन दिशा में एक साथ काम करना होगा-अपनी रक्षा क्षमता को आधुनिक बनाना, विदेश नीति में सक्रियता लाना, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सकारात्मक छवि को और प्रखर बनाना। यह स्थिति भारत के लिए केवल एक चुनौती नहीं बल्कि अपनी सामरिक दूरदर्शिता को सिद्ध करने का अवसर भी है। भारत यदि समय रहते अपने पड़ोस में बढ़ते इस सैन्य गठजोड़ की गंभीरता को समझ लेता है और सक्रिय कदम उठाता है, तो वह न केवल पाकिस्तान की कूटनीतिक चालों को निष्प्रभावी बना सकता है, बल्कि दक्षिण एशिया को स्थिरता और सहयोग के नए मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। इन चार राष्ट्रों का सैन्य गठबंधन भारत के लिए एक चेतावनी है कि भू-राजनीति में देशों के बीच धार्मिक एकजुटता नए रूप में सामने आ रही है, ऐसे में क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा बनी रहे, इसके लिए भारत को अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करते हुए कूटनीतिक मोर्चे पर भी सक्रिय बने रहना होगा। भारत पिछले कई वर्षों से पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान को काउंटर करने के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम कर रहा है। इनमें इन तीनों देशों के दुश्मनों की मदद से लेकर इन्हें आर्थिक तरीके से चोट पहुंचाना भी शामिल है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के कदमों से हर कोई परिचित है। अब बात करते हैं तुर्की की। भारत ने तुर्की को काउंटर करने के लिए उसके सबसे बड़े दुश्मन ग्रीस के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत किया है। इसके अलावा भारत ने साइप्रस के मुद्दे को भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाना शुरू किया है, जिसकी जमीन पर तुर्की ने अवैध रूप पर कब्जा जमाया हुआ है। वहीं, भारत ने तुर्की को अपने बाजार में प्रवेश को लेकर भी सख्तियां बरती है। इस सैन्य गठजोड़ के हकीकत बनने की सूरत में भारत के लिए जरूरी होगा कि वह आर्मेनिया, ग्रीस और साइप्रस के साथ अपने संबंध मजबूत करे और यूएई के साथ भी द्विपक्षीय रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाए, जो भारत का बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा है और आम तौर पर इस्लामिक मुद्दों पर तटस्थ रुख रखता है। आज भारत को यह मानना होगा कि ह्लसुरक्षाह्व अब केवल हथियारों का मामला नहीं है, यह अर्थव्यवस्था, कूटनीति, और तकनीक का समन्वित प्रश्न बन चुका है। पाकिस्तान की नई चालें एवं कुचालें हमें केवल सतर्क रहने की नहीं, बल्कि सजग, सक्रिय और रणनीतिक रूप से एक कदम आगे रहने की प्रेरणा देती हैं। भारत यदि अपनी नीति में इस नए दृष्टिकोण को शामिल करता है, तो यह गठजोड़ उसके लिए खतरा नहीं बल्कि आत्मसुधार और आत्मसशक्तिकरण का अवसर साबित हो सकता है।

# शिक्षित वर्ग में जातीय पूर्वाग्रह का स्थायित्व

वेलकम इंडिया



संविधान ने समानता और सामाजिक न्याय के आदर्शों को स्थापित किया, परंतु भारतीय समाज में जाति चेतना अभी भी गहराई से विद्यमान है। शिक्षित और शहरी वर्गों में यह चेतना प्रत्यक्ष भेदभाव के बजाय सूक्ष्म रूपों में प्रकट होती है—जैसे रोजगार, विवाह और सामाजिक नेटवर्क में। आर्थिक प्रगति और आधुनिकता ने जाति को कमजोर किया है, पर समाप्त नहीं किया। व्यावसायिक क्षेत्रों में जातीय सामाजिक पूँजी अब भी अवसरों और संपर्कों को प्रभावित करती है। जब तक मानसिकता और व्यवहार में समानता स्थापित नहीं होती, तब तक संवैधानिक समानता का आदर्श अधूरा रहेगा। – **डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारतीय समाज की संरचना में जाति एक ऐसी संस्था रही है जिसने व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन को प्रभावित किया है। संविधान निमार्ताओं ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जहाँ व्यक्ति की पहचान उसकी योग्यता, नैतिकता और कर्म पर आधारित हो, न कि जन्मजात सामाजिक वर्ग पर। इसी उद्देश्य से संविधान में समानता का अधिकार, अवसरों की समानता, और अस्पृश्यता के उन्मूलन जैसी कई सुरक्षा धाराएँ जोड़ी गईं। किंतु सात दशक से अधिक बीत जाने के बाद भी यह स्वीकार करना होगा कि जाति की चेतना केवल गाँवों तक सीमित नहीं रही; उसने शिक्षित, शहरी और व्यावसायिक तबकों में भी अपने रूप बदले हुए स्वरूप में अस्तित्व बनाए रखा है।

संविधान ने अनुच्छेद 14 से 17 के माध्यम से स्पष्ट रूप से सभी नागरिकों को समानता और सम्मान का अधिकार दिया। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इसे केवल विधिक समानता का नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक समानता का माध्यम बताया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि सामाजिक असमानता बनी रही तो राजनीतिक समानता टिक नहीं सकेगी। यह चेतावनी आज भी प्रासंगिक प्रतीत होती है, क्योंकि कानून की शक्ति के बावजूद समाज की मानसिकता में गहराई से जमी जाति-आधारित सोच पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाई है।

शिक्षा को सामाजिक चेतना का वाहक माना जाता है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से शिक्षित वर्ग में भी जातीय पूर्वाग्रह सूक्ष्म और परिष्कृत रूपों में जीवित हैं। विश्वविद्यालयों और पेशेवर संस्थानों में प्रवेश के दौरान, सहकर्मी संबंधों में या सामाजिक नेटवर्किंग में अक्सर जाति एक अनकही पहचान के रूप में उपस्थित रहती है। मेरिट की चर्चा करते हुए कई बार लोग आरक्षण नीति को लेकर पूर्वाग्रह रखते हैं और यह मान बैठते हैं कि आरक्षित वर्गों के लोग स्वाभाविक रूप से कम योग्य हैं। यह धारणा आधुनिक भारत के शिक्षित तबके में भी समानता के सिद्धांत को चुनौती देती है।

शहरीकरण और औद्योगीकरण को जातीय सीमाओं को तोड़ने वाला माना गया था। परंतु व्यवहार में देखा जाए तो शहरों में भी जातीय चेतना नई संरचनाओं में पुनर्जीवित हुई है। उदाहरण के लिए, महानगरों में भी अधिकांश लोग अपने ही जाति-समूहों में विवाह करते हैं। मैट्रिमोनी वेबसाइट्स पर जाति और उपजाति आज भी प्रमुख फिल्टर के रूप में मौजूद हैं। इसका अर्थ यह है कि आर्थिक प्रगति और आधुनिकता ने बाहरी व्यवहार को तो बदला है, परंतु सामाजिक मनोविज्ञान अब भी जाति के घेरे से मुक्त नहीं हो सका है।

व्यावसायिक क्षेत्रों में भी जाति की उपस्थिति को नकारा नहीं जा सकता। पारंपरिक रूप से व्यापार और व्यवसाय कुछ खास जातियों के वर्चस्व में रहे हैं, और आधुनिक कॉर्पोरेट ढाँचे में भी यह प्रवृत्ति अप्रत्यक्ष रूप से जारी है। नेटवर्किंग, निवेश और अवसरों तक पहुँच में जातीय सामाजिक पूँजी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उदाहरणस्वरूप, किसी व्यापारिक समुदाय के सदस्य एक-दूसरे को व्यवसायिक सहयोग देना अधिक सहज समझते हैं। इसी तरह नौकरियों में भर्ती या पदोन्नति के दौरान सांस्कृतिक मेल या नेटवर्क फिट जैसे अस्पष्ट मानदंडों के तहत कई बार सामाजिक पूर्वाग्रह सक्रिय रहते हैं।

राजनीतिक रूप से भी जाति चेतना ने आधुनिक लोकतंत्र में नई ऊर्जा प्राप्त की है। शहरी मध्यम वर्ग स्वयं को अक्सर जाति से ऊपर बताता है, लेकिन चुनावों के दौरान वही वर्ग जातिगत पहचान के आधार पर अपनी निष्ठा तय करता दिखाई देता है। जातीय संगठन, छात्र संघ और पेशेवर एसोसिएशन अब अपनी जातिगत पहचान को अधिकारों की माँग से जोड़ रहे हैं। इस तरह जाति अब केवल सामाजिक संस्था नहीं रही, बल्कि यह राजनीतिक संसाधन और सामाजिक पूँजी का रूप ले चुकी है।

भारत में शहरी क्षेत्रों में जाति का यह रूप प्रकट भेदभाव की अपेक्षा सांकेतिक भेदभाव के रूप में उभरता है। किसी को उसकी जाति के कारण सीधे अपमानित करना अब कानूनन अपराध है, परंतु सूक्ष्म रूपों में यह मानसिकता सामाजिक जीवन में व्याप्त रहती है। उदाहरण के लिए, किसी कर्मचारी के सामाजिक पृष्ठभूमि का उपहास करना, आरक्षण को लेकर तंज कसना, या सहकर्मी के साथ सामाजिक दूरी बनाकर रखना – ये सब जाति-आधारित पूर्वाग्रह के ही रूप हैं।

डिजिटल युग में जातीय चेतना ने एक नया माध्यम प्राप्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर जातीय समूहों के पेज, संगठन और समुदाय अपने गौरव और इतिहास का प्रचार करते हैं। यह सांस्कृतिक आत्मसम्मान का प्रतीक हो सकता है, लेकिन कई बार यह प्रतिस्पर्धात्मक जातीयता में बदल जाता है, जिससे समाज में नये विभाजन पैदा होते हैं। हम बनाम वे की मानसिकता अब वर्चुअल दुनिया में भी कायम है।

आर्थिक उदारीकरण के बाद माना गया था कि वैश्विक बाजार और निजी क्षेत्र में योग्यता ही सर्वोपरि होगी। परंतु 1990 के दशक से लेकर आज तक के अध्ययन यह दर्शाते हैं कि कॉर्पोरेट सेक्टर में भी दलित और पिछड़े वर्गों की भागीदारी अपेक्षाकृत कम है। निजी क्षेत्र में आरक्षण का प्रावधान नहीं होने के कारण यह असमानता और बढ़ी है। परिणामस्वरूप, आधुनिकता और बाजारवाद ने समान अवसरों का भ्रम तो दिया, परंतु जातीय असमानता की वास्तविकता को समाप्त नहीं कर पाया।

शहरी मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा जाति को औपचारिक रूप से अस्वीकार करता है, परंतु अनौपचारिक जीवन में यह वर्ग जाति-संबंधी पहचानों का उपयोग करता है। यह विरोधाभास आधुनिक भारत की सामाजिक जटिलता को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति कार्यालय में स्वयं को उदारवादी बताता है, लेकिन विवाह के लिए अपने बच्चों के लिए जाति आधारित विकल्प ही स्वीकार करता है। इस दोहरे व्यवहार से स्पष्ट होता है कि जाति का सामाजिक प्रभाव अब भी जीवन के सबसे निजी निर्णयों तक पहुँचा हुआ है।

# धैर्य

वेलकम इंडिया

हे गुरुवर! अब मुझे नहीं रहना है इस संसार में। बालक ने संत से रूठे स्वर में अपना विचार प्रगट किया।

किन्तु बालक! बगीचे की देखभाल कौन करेगा और जिस लक्ष्य से तुम यहाँ आए हो उसे पूर्ण किए बिना कैसे जा सकते हो? संत जी अपने मस्तक पर चिंता की लकीरें बनाते हुए बोले।

अच्छा....! आपको अपने बगीचे की पड़ी है संत जी; मेरे भविष्य की नहीं...?

मेरे सभी साथीगण अपनेझअपने लक्ष्य प्राप्त कर जीवन पथ पर अग्रसर होने लगे हैं और मैं वहीं का वहीं एक पत्थर की मूरत की भांति ही खड़ा हूँ। बालक ने कहा।

ओह! तो ये बात है, किन्तु बालक इसका तात्पर्य है कि तुम अपने आप को कमजोर, असहाय, निर्बल समझते हो; मैंने तो कभी इसका ज्ञान नहीं दिया है। हमेशा सकारात्मकता की ओर बढ़ाने का प्रयास किया है। संत जी अपनी दाढ़ी में हाथ फेरते हुए बोले।

नहीं.....नहीं अब मुझे नहीं जीना। बालक बहुत हठ करने लगा। जैसी तुम्हारी इच्छा! किंतु बालक, इस संसार से जाने से पहले मेरा एक छोटा सा कार्य कर दो फिर मैं तुम्हें नहीं रोकूँगा। संत, बालक को आज्ञा देते हुए बोले।

बालक मन ही मन क्रोध से लाल होता जा रहा था। उसकी काया क्रोध से सूर्य की तेज अग्नि की भांति तपने लगी थी। मन ही मन बुदबुदा रहा थाझ मैंने तो सोचा था इतने बड़े तपस्वी के साथ रहता हूँ कुछ न कुछ तो उपाय जरूर बताएँगे जिससे मैं अपना लक्ष्य हासिल कर पाऊँगा और दूसरों की भांति खुश रहकर जीवन यापन करूँगा। अब मुझे पता चला संत श्री मुझसे सिर्फ कार्य करवाते हैं प्रेम तो तिनके की भांति भी नहीं झलकता।

फुसफुसाता हुआ बालक संत के पीछे पीछे चलने लगा। संत सब कुछ समझ चुके थे। बालक के मन में क्या बातें घूम रही हैं।

देखो ये अमरूद का वृक्ष है। संत बोले।

गुरुवर; क्या आप मुझे इस अमरूद के वृक्ष को दिखाने बगीचे में लाए हैं? बालक बोला।

हाँ। बालक आश्चर्य से संत के चेहरे की ओर देखने लगा। इसकी अब जरूरत नहीं है इसे काटना ही उचित लग रहा है। संत बोले।

परन्तु क्यों? इतना हराझभरा फलदार वृक्ष है उसे मैं काट कर पाप का भागीदार क्यों बनूँ गुरुवर? ना..... बाबा.... ना मैं आपकी आज्ञा नहीं मान सकता। बालक दोनों हाथ जोड़ते हुए बोला।

लेकिन अभी तक तो एक भी बार फल नहीं लगे हैं न इसमें? संत बोले।

इस वृक्ष के लिए तुमने बहुत मेहनत की है; समयझसमय पर जल, खाद और न जाने क्याझक्या उपाय किया है; ताकि इसमें जल्द ही फल लग सके लेकिन फल लगते ही सारे फल टूट जाते हैं, फिर तुम्हारी मेहनत तो पानी में गई न? इससे अच्छा है काट दो। संत फरसी को आगे की तरफ बढ़ाने लगे।

नहीं..... नहीं...... संत जी मैं ऐसा नहीं होने दे सकता क्योंकि इसे तो हमने सारे वृक्षों के बाद लगाया है, अभी समय ही कहाँ हुआ है। देर से लगा है इसलिए देर से फल देगा।

अच्छा....! संत जी मुस्कुराते हुए ध्यान से बालक को देखकर बोले- वत्स! तुम्हें तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर मिल गया। बालक आश्चर्य से संत जी के तरफ देखकर बोला- वो कैसे? वत्स! जिस प्रकार से वृक्ष में अनेक बार फल लगते हैं और टूट कर नीचे गिर जाते हैं, पत्तियाँ झड़ जाती हैं; इसका मतलब ये नहीं कि पेड़ को काट दिया जाए। वे भी कड़ी तपस्या करते हैं; ऋतु के आते ही फिर से उनमें नई शाखाएँ आती हैं, फल लगते हैं और छायादारझफलदार वृक्ष हमें खट्टे-मीठे फल दे कर जीवन में खुशियाँ बाँटते हैं। – **प्रिया देवांगन प्रियू**

# ट्रैक्टर का नियंत्रण बिगड़ने से ट्रैक्टर में सवार श्रद्धालु हुए गम्भीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया



**झांसी।** जिले के पूंछ थाना क्षेत्र के ग्राम द्वारका में सामुहिक रूप से ग्रामवासियों द्वारा ग्राम में ही स्थित शंकर जी मंदिर पर मध्य प्रदेश के दतिया जिले में स्थित मंदिर रतनगढ़ देवी के लिए 2 घट 5 खप्पर जवारे लेकर पैदल व ट्रेक्टरों पर सवार होकर श्रद्धालु जा रहे थे तभी ट्रेक्टर समथर थाना क्षेत्र के यूपी-एमपी बोर्डर पर स्थित बुढेरा घाट के समीप पहुंचा तभी अचानक ट्रेक्टर का संतुलन बिगड़ा और रोड किनारे बनी खाई में जा गिरा। अचानक गिरने से ट्राली में सवार लगभग 15 से अधिक श्रद्धालु दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद समथर थानाध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह को घटना की खबर लगते ही मौके पर पुलिस बल लेकर पहुंचे और नजदीकी ग्रामीणों की सहायता से घायलों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस व डायल-112 की सहायता से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। वही 11 मरीजों की हालत नाजुक होने पर झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वही मोठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सकों द्वारा चेकअप के बाद एक महिला सीता राजपूत पत्नी धर्मेन्द्र

उम्र करीब 26 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया।

वहीं घायल से श्रद्धालुओं के नाम

जयंती देवी (27), लाली (35), शकुंतला (45), सोना (65), राघवेंद्र (33), वन्दना (30), मीठी (12), यश -(10), उत्कर्ष (3), वन्दना (16), सहोद्रा (45), रिंकी (30), गंभीर

## 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों सहित मोहल्ले के दर्जनभर लोग देर रात थाने पहुंचे और गुमशुदगी की तहरीर देकर किशोरी को जल्द बरामद करने की मांग की। पीड़ित परिजनों ने आशंका जताई है कि गैर समुदाय का एक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों का कहना है कि युवक लंबे समय से किशोरी को परेशान कर रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। और पुलिस टीम किशोरी की तलाश में जुट गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है।

# शुजागंज में निकाली गई भव्य कलश यात्रा, प्रशासन पूरी तरह से रहा मुस्तैद

वेलकम इंडिया/ फतेह खान



**रुदौली अयोध्या।** कोतवाली रूदौली क्षेत्र के अंतर्गत शुजागंज कस्बा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पहले सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शुजागंज से आरंभ हो कर अचल नगर पक्का तालाब, बडनपुर से होते हुए पुना अपने स्थान पर पहुंच गई। यात्रा में पीतांबर वस्त्र में पुरुष महिला श्रद्धालु सर पर कलश रखकर मंगलगीत के धुन में गीत गाते हुए कलश यात्रा निकाली गई।

कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा भगवान की भक्ति की ओर ले जाती है। भगवान की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए। कथा वाचक ने बताया कि जो प्राणी इस कथा का रसपान करता है, घनश्याम, अजय कसौधन, पवन गुप्ता संजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, बलराम गुप्ता, आदर्श गुप्ता दिनेश गुप्ता,ललित, विनायक गुप्ता सहित समस्त ग्राम वासी एवं श्रद्धालु गण मौजूद रहे। वही प्रशासन पूरी तरह इस कलश यात्रा को सम्पन्न कराने में पूरी तरह मुस्तैद रही। जिसमें अपराध निरीक्षक शत्रुघ्न यादव, चौकी प्रभारी शुजागंज शंकर लाल यादव, उपनिरीक गजेन्द्र त्रिपाठी, विपिन कुमार श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल अनुज यादव कांस्टेबल लोकेश कुमार,रवि कुमार, लोकेश कुमार सहित पुलिस बल उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### जलसा-ए दस्तारबंदी हुफ्फाज कराम 27 नवंबर को

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के मदरसा अरबिया रहमिया दुधारा में आगामी 27 नवंबर को बाद नमाज मगरिब जलसा-ए दस्तारबंदी हुफ्फाज का आयोजन किया गया है। मदरसा के नाजिम मौलाना फैयाज अहमद मोजाहिरी ने देते हुए बताया कि जलसा की अध्यक्षता मदरसा के प्रधानाचार्य मौलाना माशूक अहमद मोजाहिरी, और संचालन जामिया इस्लामिया मुजफ्फरपुर आजमगढ़ के शिक्षक गुफरान शकील नदवी करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदरसा अशरफुल मदारिस हरदोई के शैखुल हदीस मौलाना अल्हाज मुहम्मद अफजालुर्रहमान, जामिया मजाहिर उलूम सहारनपुर के अमीने आम मौलाना मुफ्ती मुहम्मद सालेह, दारूल उलूम देवबंद के मौलाना मुसलहुद्दीन कासिमी, जामिया मजाहिर उलूम सहारनपुर के मौलाना मुहम्मद मुआविया, शायरे इस्लाम शकील अहमद शकील बस्तवी, असद बस्तवी शिरकत करेंगे।

### 24 घंटे में चोरी की घटना का खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार



वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली सदर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने मु0अ0सं0 915/2025 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना का मात्र 24 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल तीनों अभियुक्तों को दबोच लिया और उनके कब्जे से चोरी गया सामान बरामद किया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार की कड़ी और त्वरित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ और जनता में पुलिस पर विश्वास कायम रहे।

# थाना दुधारा और एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही ने चोरी के मामलें में वाँछित 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम/निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत, दिनांक 27.10.2025 को समय 02:30 बजे थाना दुधारा पुलिस और एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा, व०उ०नि० राजीव कुमार सिंह, उ०नि० अनिल मिश्र, हे०का० अरबिन्द यादव, का० दीपनारायण शर्मा, का० सुमित राय तथा प्रभारी निरीक्षक एसओजी अजय कुमार सिंह, का० बीर बहादुर यादव, का० विवेक कुमार राय, का० शुभम सिंह, का० अरूण हलवाई, का० सर्वेश मिश्रा, का० दिपक सिंह, का० विवेक मिश्रा को बड़ी सफलता प्राप्त हुई । संयुक्त टीम ने जनपद में चोरी की घटनाओं में संलिप्त 03 शातिर चोरों को पिपरा बोरिंग से बघौली जाने वाले रोड के पास से गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्तों की निशानदेही पर तथा उनके कब्जे से चोरी की मु०अ०सं०-374/25 धारा-303(2) बीएनएस थाना दुधारा से संबंधित काले रंग की हीरो स्पलेंडर वाहन , मु०अ०सं०-994/25 धारा-303(2) बीएनएस थाना को० खलीलाबाद से संबंधित हीरो स्पलेन्डर मो०सा० (रजि0 नं0 वढ58ह4427), मु0अ0सं0 375/25 धारा 317(2) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी की काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटर साईकिल 03 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम तीनो लोग गरीब परिवार से है, बेरोजगार है, गैंग बनाकर आसानी से चोरी करने के बारे मे सुना था इसलिये हम तीनो ने अपना गैंग बनाया और मोटरसाइकिल चोरी करते है तथा चोरी की मोटरसाइकिलों को बेचकर इससे प्राप्त धन को आपस मे बाँटकर अपना खर्च चलाते है । इन तीनो मोटरसाइकिलों को हम तीनो लोग नेपाल बार्डर पर बेचने के लिये ले जा रहे थे । स्पेलन्डर मोटर साइकिल दिनांक 23.10.2025 को सालेहपुर चौराहे से चोरी किये थे, काले रंग की हीरो स्पेलन्डर दिनांक 24.10.2025 को मोहद्दीपुर खलीलाबाद से चोरी किये थे। अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि बरामद काले रंग की एचफए डीलक्स को कुछ दिन पूर्व खलीलाबाद से चोरी किये थे ।

उन्होंने बताया कि बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही सम्पादित की जा रही है ।

## फल विक्रेता के साथ मारपीट, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**कांधला।** नई बस्ती में मामूली विभाग को लेकर कई लोगों ने मिलकर फल विक्रेता के साथ मारपीट की। जिसमें फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में घायल युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मोहल्ला नई बस्ती निवासी इस्लाम ने थाने में तहरीर देकर पड़ोसी आदिल, हारून तथा दो अज्ञात युवकों पर उसके बेटे रिहान के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पिता इस्लाम के अनुसार, उसका बेटा रिहान माता मंदिर के पास फल की ठेली लगाकर फल बेचता है। रोज की तरह रविवार को भी वह अपनी ठेली पर खड़ा था, तभी आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब रिहान ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और सरिए से उस पर हमला कर दिया।

# खाद-बीज एवं कीटनाशक दुकानों का जिला कृषि अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**अमेठी।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार द्वारा आज तहसील अमेठी क्षेत्र के विभिन्न खाद, बीज एवं पेस्टिसाइड की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एग्रीजंक्शन केंद्र मुंशीगंज, आईएफडीसी केंद्र अमेठी, एग्रीजंक्शन केंद्र जंगल रामनगर, शिवा बीज भंडार टीकरमाफी, चौरसिया बीज भंडार टीकरमाफी एवं मौर्या बीज भंडार अयोध्या नगर का स्थलीय परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु बीज के 06 नमूने तथा पेस्टीसाइड (कीटनाशक) के 04 नमूने एकत्र किए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

जिला कृषि अधिकारी ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि सभी कृषि इनपुट्स की बिक्री नियमानुसार की जाए और अवैध या अप्रमाणित उत्पादों का भंडारण या विक्रय न किया जाए। उन्होंने किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं रसायन उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।

# संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया

**गुरसरांय(झाँसी)।** श्री रामराजा सरकार समिति मानस मंडली द्वारा संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। नर्सिंग मन्दिर पर आयोजित कार्यक्रम में मानस मंडली के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ के बाद भजन संध्या का भव्य आयोजन एवं आरती व महाप्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं को श्रीसुंदरकांड का महत्व समझाते हुए अटल श्री ज्योतिषाचार्य पं दीपेंद्र अडजरिया ने कहा कि श्रीसुंदरकांड पाठ करने से व्यक्ति भवसागर से तर जाता है। पं बृजकिशोर व्यास भुल्लन महाराज ने कहा कि श्रीसुंदरकांड सुनने से मनुष्य के आत्मिक एवं भौतिक ज्ञान का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विश्व में सभी जगह श्रीसुंदरकांड पाठ की महिमा है। श्री सुंदरकांड पाठ की आरती ज्योतिषाचार्य पं दीपेंद्र अडजरिया, डा.ओपी राठौर,पं सतेंद्र तिवारी,पं करुणेंद्र व्यास उर्फ तनु महाराज ने की। मानस मंडली मे मंटू महाराज,सीताराम,दीवान,भानूप्रताप सिंह का सहयोग रहा।इस अवसर पर कुँवर रामकुमार सिंह,पं अखिलेश तिवारी, पं सार्थक नायक,कुलदीप सिंह, देवेंद्र घोष,शिवम अडजरिया,शिवा अडजरिया, राजेश अग्रवाल,सोनू यादव,संजू परिहार, मनोज शर्मा,कल्लू परिहार,नीरज मोदी, घनाराम माते आदि मौजूद रहे।

# जिला विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**अमेठी।** कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, अमेठी के सभागार में आज जिला विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी महेन्द्र बाबू गुप्ता, यात्री सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार सहित जनपद के 50 से अधिक विद्यालयों के संचालक, प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

बैठक में सड़क सुरक्षा समिति की जनपदीय बैठक (दिनांक 06.10.2025) में दिये गये निर्देशों से विद्यालयों को अवगत कराते हुए दो दिवस के भीतर शपथ पत्र सहित अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने निर्देशित किया कि विद्यालय वाहन निर्धारित संख्या से अधिक छात्रों का परिवहन न करें, चालकों का चरित्र सत्यापन एवं मेडिकल परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए, प्रत्येक वाहन में महिला कार्मिक की तैनाती हो तथा केवल फिटनेस प्राप्त और पंजीकृत वाहनों का ही प्रयोग किया जाए। साथ ही, वाहनों की जानकारी निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने, संबंधित रजिस्टर संधारित करने तथा निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए। सभी वाहन चालकों के नाम, पते और मोबाइल नंबर भी विद्यालयों से मांगे गए। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने उपस्थित विद्यालय संचालकों को उत्तर प्रदेश मोटर यान (26वां संशोधन) नियमावली 2019 की प्रति प्रदान करते हुए इसके प्रावधानों की जानकारी दी।

## खेत की मिट्टी अवैध रूप से बेचने पर विवाद, पुलिस को दी सूचना

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में खेत की मिट्टी अवैध रूप से बेचने को लेकर दो किसानों के बीच विवाद हो गया। घटना के संबंध में पीड़ित ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव भभीसा निवासी राजीव कुमार पुत्र मांगेराम ने बताया कि उसका खेत गांव के ही यशपाल पुत्र जगदीश के खेत से सटा हुआ है। राजीव कुमार का आरोप है कि यशपाल अपने खेत की करीब 5 फुट गहराई तक मिट्टी निकालकर बेच रहा था। जब उसने इसका विरोध किया तो यशपाल ने कहा कि वह मछली पालन के लिए तालाब बना रहा है। राजीव के पूछने पर कि क्या इसके लिए प्रशासन से अनुमति ली गई है, तो यशपाल ने कथित रूप से गाली-गलौज कर दी। घटना की सूचना राजीव कुमार ने 112 नंबर पर पुलिस को दी।

## अज्ञात वाहन ने कार को रौंदा, दो की मौत, तीन घायल

**शिकारपुर।** थाना सलेमपुर के समीप रविवार देर रात को कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा कराकर परिजनों को सौप दिया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्वाई शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात नगर के मौहल्ला गंज सादात निवासी आबिद, अपने परिजनों के साथ कार से गाजियाबाद जा रहे थे। जैसे ही कर सलेमपुर थाने के समीप पहुंची कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। कार में सवार सुफियान पुत्र शेरजहा (20) ईफा पुत्री साजेब (2) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दानिश पुत्र आबिद(4), सिमरन पत्नी आबिद(30), सना पत्नी साजेश(25) गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल में बेसिक लाइफ सपोर्ट और एडवांस्ड कार्डियक लाइफ सपोर्ट पर 4 दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया


**हापुड़। (हरेन्द्र शर्मा)** हापुड़ जनपद के पिलखुवा में सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल में 25 से 28 अक्टूबर 2025 तक बेसिक लाइफ सपोर्ट और एडवांस्ड कार्डियक लाइफ सपोर्ट पर 4 दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता और जीवनरक्षक दक्षता को सुदृढ़ करना था। नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट अहल्या ससीदरण के मार्गदर्शन में, डॉ. जितेंद्र बंसल (एमडी, फिज़िशियन) और डॉ. विवेक ठाकुर ने प्रशिक्षण सत्रों का नेतृत्व किया। चार दिवसीय इस गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण में 150 से अधिक नर्सों और तकनीशियनों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को कार्डियक और श्वसन आपातकालीन स्थितियों में आवश्यक जीवनरक्षक हस्तक्षेपों को कुशलतापूर्वक करने का अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन, कार्डियक अरेस्ट का प्रबंधन, एयरवे मेंटेनेंस, और ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर के प्रभावी उपयोग जैसी महत्वपूर्ण जीवनरक्षक प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इन अभ्यासों ने प्रतिभागियों के सैद्धांतिक ज्ञान को मजबूत करने के साथ-साथ वास्तविक आपात स्थितियों में तत्पर प्रतिक्रिया देने की उनकी क्षमता



को भी बढ़ाया। इस अवसर पर अहल्या ससीदरण ने कहा चिकित्सीय आपात स्थिति में हर सेकंड महत्वपूर्ण होता है। ऐसे प्रशिक्षण हमारे नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ को नवीनतम जीवनरक्षक तकनीकों से सुसज्जित करते हैं, जो किसी मरीज के जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय कर सकते हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. हर्ष शिशोदिया (डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट) और श्री एन. वरदराजन (जनरल मैनेजर, प्रशासन) के द्वारा किया गया। दोनों गणमान्य अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए संस्थान की चिकित्सा उत्कृष्टता और सतत कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. जे. रामचंद्रन एवं वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन ने पूरे मेडिकल एवं नर्सिंग दल को इस सफल प्रशिक्षण आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। इस प्रकार के इन-सर्विस एजुकेशन प्रोग्राम स्वास्थ्य क्षेत्र के व्यावसायिक विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो चिकित्सा कर्मियों को नवीनतम तकनीकों, प्रगतियों और प्रमाण-आधारित जीवनरक्षक प्रक्रियाओं से अवगत कराते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता संस्थान की रोगी देखभाल की गुणवत्ता और नैदानिक उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करती है।



## आस्था और श्रद्धा का पर्व:

# कल्याणी लोक सेवा समिति द्वारा छठ पूजा का भव्य आयोजन, महिलाओं ने की सूर्य देव की आराधना





**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** संस्था कल्याणी लोक सेवा समिति की ओर से छठ पूजा का भव्य आयोजन बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस पावन कार्यक्रम की अध्यक्षा रूपाली अवस्थी एवं उपाध्यक्षा रीना जायसवाल रहीं।

पूजा के दौरान संस्था की सभी महिला सदस्यों ने मिलकर छठ माता की आराधना की, सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा स्थल भक्ति और आस्था के माहौल से गूंज उठा। महिलाओं ने पारंपरिक छठ गीत गाए और पूरे विधि-विधान के साथ यह पर्व मनाया।

इस अवसर पर अध्यक्षा रूपाली अवस्थी ने कहा कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, जो आत्मसंयम, श्रद्धा और मातृत्व की भावना का संदेश देता है। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा – ह्लदुनिया कहती है, जिसका उदय होता है उसका अस्त होना तय है, लेकिन छठ पर्व सिखाता है कि जिसका अस्त होता है, उसका उदय होना भी तय है।

वहीं उपाध्यक्षा रीना जायसवाल ने कहा कि ऐसे पर्व समाज में एकता, सहयोग और आस्था का भाव जागृत करते हैं। उन्होंने कहा कि ह्लछठ पूजा हमें सिखाती है कि सामूहिकता में ही शक्ति है – जब महिलाएं श्रद्धा और भक्ति के साथ किसी उद्देश्य के लिए एकजुट होती हैं, तो वातावरण भी सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और नारी शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## डग्गामार वाहनों का राज जिम्मेदार अधिकारी बेखबर

**शिकारपुर/बुलंदशहर।** जनपद भर में फरार्टे से दम भर रही डग्गेमार बसें जनता की जान जोखिम में डाल कर बसों की छतों पर बैठाकर सवारियों को करा रहे सफर प्रशासन को किसी बड़े हादसे का है इंतजार जब कोई बड़ा हादसा होगा तब जिला प्रशासन की खुलेगी नींद जबकि दिल्ली गाजियाबाद से बड़ी संख्या में डग्गेमार बसों सहित अन्य वाहनों का अवैध संचालन बदायूं अतरौली क्षेत्रों से किया जा रहा वही यदि पुलिस थानों की बात करें तो इन रूट पर दिल्ली गाजियाबाद लालकुआ दादरी सिकंदराबाद बुलंदशहर सलेमपुर शिकारपुर अहमदगढ़ डिबाई नरौरा रामघाट पहासू छतारी सहित अन्य थानों के सामने से यह बसे दिन रात गुजरती नजर आएगी लेकिन पुलिस को नजर नहीं आती उधर बुलंदशहर एआरटीओ भी इन डग्गेमार वाहनों पर नकेल कसने में नाकामयाब नजर आ रहे। डग्गेमार बसों की वजह से सरकारी रोडवेज बसों को हर रोज लाखों का चूना लगाया जा रहा।

# बीईओ की अध्यक्षता में हुई प्रधानाध्यापकों की बैठक स्कूलों के सुचारू संचालन के लिए दिए अहम निर्देश



**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को बीआरसी नेकपुर भगतपुर, टांडा में प्रधानाध्यापकों और इंचार्ज अध्यापकों की मासिक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बीईओ ने विद्यालयों में पठन-पाठन, बुनियादी सुविधाओं और अन्य गतिविधियों की गहन समीक्षा की।

बैठक में बीईओ ने स्कूलों के सुचारू संचालन के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने वर्ष 2025-26 में जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण की नीलामी प्रक्रिया, यू-डाइस पर स्टूडेंट मॉड्यूल का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने, और वर्तमान वित्तीय वर्ष की कंपोजिट ग्रांट, टीएलएम, इको क्लब जैसे मदों में व्यय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, स्कूल भवनों की आवश्यकतानुसार रंगाई-पुताई, 30 सितंबर तक की छात्र संख्या की उपलब्धता, बिल्डथन की दैनिक रिपोर्ट की प्रगति, प्रत्येक विद्यालय में छात्र उपस्थिति बोर्ड पर समय से उपस्थिति अंकन, और मुख्य दीवार पर टोल-फ्री नंबर अंकित करने जैसे कार्यों पर जोर दिया।

बीईओ मोहित कुमार ने शिक्षकों से सभी कार्यों को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं का विकास प्राथमिकता है, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिल सके।

इस अवसर पर एआरपी श्रवण कुमार,विनय कुमार, केआरपी नवनीत बिश्नोई, शमीम बेग,अब्दुल वाजिद और वसीम राजा आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### हिंदू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश, आरोपी युवक गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर भगवान श्रीराम व अन्य देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। जिसके स्क्रीनशाट वायरल हुए तो समाज के समुदाय विशेष की भावनाएं आहत हो गईं। जानकारी होने पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है ।दरअसल बजरंग दल के महानगर संयोजक केवड़ानंद गौर अपने साथियों के साथ सोमवार को प्रेमनगर थाने पहुंचे और हिंदू देवी देवताओं पर किए गए आपत्तिजनक कमेंट के स्क्रीनशॉट देकर आरोपी अनस पठान निवासी शाहबाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनस पठान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अनस पठान के फोन की जांच की तो पता चला कि वह लंबे समय से हिंदू देवी देवताओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर शहर का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहा था। अनस के फोन में आपत्तिजनक वीडियो भी मिले। वहीं देश विरोधी मानसिकता वाली सामग्री भी मिली। इसकी जानकारी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को हुई तो उनका आक्रोश और अधिक बढ़ गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अनस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं प्रेमनगर पुलिस अब अनस से इस गंभीर मामले में पूछताछ कर रही है।

### ट्रक-ट्रैक्टर की भिड़ंत, उड़ गए ट्रैक्टर के परखच्चे... दो घंटे तक ठप्प रहा ट्रैफिक




**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** सोमवार सुबह नेशनल हाईवे पर फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के एएनए कट के पास शंखा पुल पर उस वक्त अफरातफरी मच गई जब एक तेज रफ्तार ट्रक और ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। राहगीर और स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, जिन्होंने किसी तरह दोनों चालकों को बाहर निकाला। सौभाग्य से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन व जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात धीरे-धीरे सुचारू कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक तेज रफ्तार में बरेली की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### निकाह के बाद जिस्म फिरोशी का दबाव

**कांधला।** क्षेत्र की एक युवती ने गांव असदपुर जिडाना निवासी एक युवक पर निकाह करने के बाद उस पर देह व्यापार दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि जब उसने इस अवैध कार्य को करने से मना कर दिया, तो युवक ने उसे छोड़ दिया। इस घटना से परेशान होकर युवती ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया है, जिसमें उसने जहर खाकर आत्महत्या करने की धमकी दी है। वीडियो में युवती ने युवक के परिजनों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं ।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि युवती ने गांव असदपुर जिडाना निवासी युवक के साथ शादी की थी और दोनों साथ रह रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच अनबन हो गई थी, जिसके बाद युवती ने युवक और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। थाना प्रभारी ने पुष्टि की है कि युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है और मामले में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि वे युवती की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं और आत्महत्या की धमकी के मद्देनजर आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

# पत्नी के भाग जाने से टूटे एडवोकेट ने दी जान

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के चनेहटी निवासी एडवोकेट ने रविवार को जहर खाकर जान देने की कोशिश की थी। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, उनकी पत्नी के किसी और युवक संग भाग जाने के बाद से वह मानसिक तनाव में थे। उन्होंने अपने दो मासूम बेटों को छोड़कर यह कदम उठाया। जानकारी के मुताबिक, एडवोकेट ने 26 अक्टूबर की सुबह करीब 10:30 बजे सल्फाज पाउडर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें आनन-फानन में डेलापीर रोड स्थित हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां आईसीयू में इलाज के दौरान सोमवार तड़के सुबह 3 बजे उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि कुछ महीने पहले एडवोकेट कमल की पत्नी कोमल की दोस्ती इंस्टाग्राम पर जिला शामली, मुजफ्फरनगर के झिंझाना गांव निवासी अमर कुमार पुत्र जयपाल सिंह से हुई थी। इसके बाद वह अपने दोनों बेटों दिव्यांश (5 वर्ष) और शिवांश (3 वर्ष) को पति के पास छोड़कर अमर के साथ चली गई। इस घटना के बाद से ही कमल कुमार गहरे डिप्रेशन में चले गए थे। कमल कुमार ने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उन्होंने पत्नी सहित कई लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। पुलिस को नोट मिल गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# चारपाई के पास पड़ा मिला वृद्धा का शव, बिस्तर से शव तक खून ही खून

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव हमीरपुर गाँव में सोमवार सुबह 75 वर्षीय प्राणी देवी का शव चारपाई से कुछ दूरी पर पड़ा हुआ मिला। पड़ोसियों से चल रही मुकदमेबाजी की वजह से हत्या का शोर मचा तो एसपी सिटी समेत कई अधिकारी व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं परिवार के लोग इस घटना में प्राणी देवी की हत्या का शक जता रहा है तो पुलिस का मानना है कि हाई बीपी की वजह से नाक से ज्यादा खून बहने से भी उनकी मौत हो सकती है। इस घटना को लेकर सीबीगंज थाना पुलिस का कहना है कि प्राणी देवी के पति सोहनलाल की काफी पहले मौत हो चुकी है। उनके दो भतीजे हैं। इन दोनों के खिलाफ पड़ोसी ने घर में आग लगाने का मुकदमा दर्ज कराया था। एक भतीजा जेल में है तो दूसरा जमानत के बाद दूसरे प्रदेश में जाकर काम कर रहा है।

प्राणी देवी की कोई संतान नहीं है। वह गांव के बाहर बने झोपड़ीनुमा घर में रहती थीं। सुबह जब भतीजे की पत्नी उन्हें जगाने पहुंचीं तो देखा कि उनका शव दरवाजे के पास पड़ा हुआ है। पूरा चेहरा खून से सना हुआ था। बिस्तर से शव के पास तक खून ही खून बिखरा हुआ था। सूचना पर एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ द्वितीय सोनाली मिश्रा, थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह पहुंच गए। फील्ड यूनिट भी डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव सील कर पोस्टमॉर्टम को भेजा दिया।

इस घटना को लेकर एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया है कि घटना की सही स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की बाद ही पता चल सकेगी।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गांवों को राष्टीय राजमार्गों से जोड़ने की मांग

**बागेश्वर।** जोशी पालड़ी के क्षेत्र पंचायत सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गांवों को राष्टीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग की है। कहा कि उनके द्वारा लंबे समय से इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से मांग की जाती रही है परंतु आमरण अनशन के बाद भी केवल झूठा आश्वासन देकर उनकी मांग की अनदेखी की जा रही है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारी होने के साथ क्षेत्रीय जनता के प्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र के लोगों की पालड़ी छीना से कनगाडछीना के राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क का मिलान किए जाने को लेकर लगातार अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के द्वारा केवल आश्वासन देकर क्षेत्रीय लोगों की उपेक्षा की जा रही है ।आमरण अनशन करने के बाद जल्द सड़क निर्माण का आश्वासन मिलने के बाद केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा द्वारा भी एक माह के बाद सड़क को स्वीकृति दिलाने के आश्वासन के बाद अब तक कोई ठोस पहल नंही होने से उन्होंने ठगी किए जाने के आरोप लगाते हुए जल्द सड़क निर्माण की स्वीकृति नही मिलने पर पुनः आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।

# एडीजी रमित शर्मा बोले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि, अमरोहा से बदायूं तक परखी व्यवस्थाएं

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली/अमरोहा/बदायूं।** आगामी कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। रविवार को अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन (एडीजी) रमित शर्मा ने अमरोहा पहुंचकर राजकीय तिगरी मेला-2025 की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उनके साथ डीआईजी मुरादाबाद मुनीराज जी, जिलाधिकारी अमरोहा निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद मौजूद रहे। एडीजी ने मेला क्षेत्र, गंगा घाटों, रूट डायवर्जन, पार्किंग, वॉच टावर और कोतवाली मेला का निरीक्षण किया।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ₹श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।₹ रमित शर्मा ने मौके पर ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं से विनम्र व्यवहार रखें और पुलिस की छवि अनुशासन, सेवा और संवेदनशीलता की प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि हर पुलिसकर्मी का लक्ष्य यह होना चाहिए कि श्रद्धालु मेला क्षेत्र में सुगमता और सुरक्षा का अनुभव करें।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, समस्त क्षेत्राधिकारीगण और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। एडीजी ने सुरक्षा ड्यूटी के साथ ट्रैफिक, एम्बुलेंस और कंट्रोल रूम की व्यवस्थाएं भी परखी। अमरोहा के बाद एडीजी रमित शर्मा बदायूं पहुंचे, जहां उन्होंने कछला घाट पर होने वाले कार्तिक पूर्णिमा स्नान की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने पुलिस बल को सजग और सतर्क रहने के निर्देश दिए। कहा कि गंगा स्नान के दौरान भीड़ नियंत्रण, पार्किंग प्रबंधन और सुरक्षा घेरा पूरी तरह दुरुस्त रहना चाहिए। उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि हर साल लाखों श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं, ऐसे में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी जरूरी है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए साहित्यकार डॉ राजबिहारी मिश्र



**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**

**वाराणसी मिजार्मुराद।** सिधौना में सोमवार को प्रख्यात साहित्यकार एवं शिक्षाविद स्व. डॉ. राजबिहारी मिश्र की सातवीं पुण्यतिथि श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के साहित्यप्रेमी, शिक्षाविद, छात्र और सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत डॉ. मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित वक्ताओं ने उनके साहित्यिक योगदान और शिक्षण कार्यों को समाज के लिए अमूल्य बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडवोकेट राजेश मिश्र ने कहा कि डॉ. राजबिहारी मिश्र ने अपने लेखन के माध्यम से समाज में जागरूकता और नैतिकता के बीज बोए। उनके साहित्य में भारतीय संस्कृति, ग्रामीण जीवन और मानवीय संवेदनाओं की झलक मिलती है। ब्रह्म राष्ट्र एकम महा संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री उपेंद्रनाथ मिश्र ने कहा कि वे केवल लेखक नहीं, बल्कि एक सच्चे मार्गदर्शक और प्रेरक व्यक्तित्व थे। उनकी रचनाएं सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करती हैं।

इस दौरान सरकार मिश्र, अखिलेश मिश्र, बजरंगी मिश्र, सुभाष दीक्षित, रोहित मिश्र, सुनील यादव, विशाल, विश्वास सिंह आदि मौजूद रहे।

# कर्ज के जाल में फंसा युवक फांसी पर झूला

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** कर्ज और सूदखोरी के शिकंजे में फंसे एक युवक ने आखिरकार जिंदगी से हार मान ली या फिर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। थाना सुभाषनगर क्षेत्र में 25 वर्षीय युवक का शव एक खंडहर मकान में फंदे से लटका मिला।

परिवार ने आरोप लगाया है कि सूदखोरों के अत्याचार और धमकियों से तंग आकर युवक ने आत्मघाती कदम उठाया, जबकि शक यह भी जताया जा रहा है कि उसकी हत्या कर शव को फांसी पर टांग दिया गया। करगैना गैटिया निवासी विजय साहू (25) रविवार शाम घर से यह कहकर निकला था कि वह दिल्ली जा रहा है। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन फोन बंद मिला। घरवालों ने आसपास तलाश की, तब सोमवार सुबह गांव से कुछ दूरी पर मिलक रौधी गांव के पास शिव मंगलम कॉलोनी के एक खंडहर मकान में विजय का शव प्लास्टिक की रस्सी से फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी। मृतक के भाई विनोद साहू ने बताया कि विजय ने पड़ोस के कुछ सूदखोरों से करीब 3 लाख रुपए टुकड़ों में उधार लिए थे। आरोप है कि सूदखोर लगातार पैसे लौटाने का दबाव बना रहे थे, धमकियां दे रहे थे और कई बार उसके साथ मारपीट भी की थी। परिवार का कहना है कि इन्हीं दबावों के चलते विजय ने आत्महत्या की, या फिर सूदखोरों ने उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया।

# गंगेरू में पसमांदा मुस्लिम समाज का आयोजन किया



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** गांव गंगेरू में पसमांदा मुस्लिम समाज का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सोनू मंसूरी ने की। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए लेटर वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम प्रभारी पसमांदा मुस्लिम समाज तहसीन मंसूरी (मेरठ जिला अध्यक्ष एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारी) तथा आजाद मंसूरी ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला प्रभारी रिजवान अंसारी, महासचिव शमीम मंसूरी, महासचिव सद्दाम कुरैशी, महासचिव मुजम्मिल मंसूरी, महासचिव शाहरुख मंसूरी, महासचिव समीम कसार, जिला सचिव दिलशाद प्रधान, जिला सचिव सलीम अंसारी, जिला संगठन मंत्री आरिश मलिक, जिला सचिव डॉ. साबिर, सहयोगी सलाहकार नफीस अहमद, जिला सचिव यूसुफ अंसारी, जिला सचिव तारीफ अंसारी, और जिला सचिव मेहरबान मंसूरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित जनों ने समाज की एकता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## सट्टेबाज ने खुर्जा नगर पुलिस पर लगाए झूठे आरोप

**बुलंदशहर।** थाना खुर्जा नगर क्षेत्र निवासी मनीष बंसल पुत्र चमन स्वरूप बंसल द्वारा सोशल मीडिया पर पुलिस के खिलाफ झूठे आरोप लगाते हुए एक वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। जांच में पता चला कि मनीष बंसल एक सक्रिय सट्टेबाज है, जिसके खिलाफ थाना खुर्जा नगर में पहले से सात आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं ।पुलिस के अनुसार हाल ही में मनीष बंसल को 23 अक्तूबर 2025 को सट्टेबाजी करते हुए गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई भी की गई थी। इसी से क्षुब्ध होकर उसने पुलिस की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो प्रसारित किया।

# मथुरा रिफाइनरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** पूरे देश में दिनांक 27 अक्टूबर 2025 से 02 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इसी क्रम में मथुरा रिफाइनरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह पधारे और अपने वक्तव्य से सभी को प्रभावित किया।

सतर्कताः एक साझा ज़िम्मेदारी विषय पर मनाए जा रहे इस वर्ष के सतर्कता सप्ताह के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चंद्र प्रकाश सिंह का स्वागत मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने किया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी रिफाइनरी कर्मियों और वर्चुअल माध्यम से जुड़े लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने इंडियन ऑयल की ईमानदारी और निष्ठा के साथ कारोबार करने के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्यक्तिगत ईमानदारी सतर्कता का सार है और विभिन्न संस्थानों में उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों पर जागरूकता फैलाने और लोगों को ईमानदारी अपनाने के लिए प्रेरित करने की बड़ी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि प्रिवेंटिव विजिलेन्स या निवारक सतर्कता संस्थागत ईमानदारी की ओर ले जाती है, जिससे एक भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण होता है। यह एक विकसित राष्ट्र बनने की हमारी राह सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि हमें हर समय सतर्क रहना चाहिए और यह केवल सतर्कता सप्ताह तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर हर व्यक्ति अपनी भूमिका प्रभावी और ईमानदारी से निभाए तो भ्रष्टाचार को मिटाया जा सकता है।

सतर्कता किसी एक कार्यालय या अवसर तक सीमित नहीं है; यह एक सतत प्रक्रिया है जो तब फलती-फूलती है जब प्रत्येक व्यक्ति इसकी ज़िम्मेदारी लेता है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो आस-पास के गाँवों में लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए जागरूक और प्रेरित करेगा। इस अवसर पर उन्होंने पौधा रोपण कर हरित भविष्य के लिए सभी को प्रेरित किया।

## सामाजिक न्याय दिवस के रूप में 31 को आयोजित होगा यादव समाज का कंस वध मेला

**मथुरा।** यादव समाज द्वारा आयोजित परंपरागत कंस वध मेला सामाजिक न्याय दिवस के रूप में दिनांक 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। यादव समाज की बैठक में समाजसेवी डॉक्टर देवेंद्र यादव ने बताया विगत वर्षों की भांति श्री कृष्णा बलराम शोभा यात्रा स्थानीय जनरल गंज नरसिंह बगीची से 6:30 बजे सुंदर आकर्षित झांकियां के साथ कृष्ण बलराम शोभा यात्रा बैंड बाजे के साथ जनरल गंज से कृष्णापुरी, बाढ़पुरा, सदर बाजार रामलीला मैदान पर कंस वध किया जाएगा। बैठक में श्री कृष्ण जन्मोत्सव शोभा यात्रा कमेटी मथुरा के संस्थापक पहलाद यादव ने भगवान श्री कृष्ण जी की मंगलाचरण आरती कार्यक्रम में ख्याति प्राप्त लोगों को आमंत्रित किया है। बैठक में डॉक्टर देवेंद्र यादव, सोबरन सिंह यादव, रामगोपाल, ओम प्रकाश, सावरेन सिंह , जितेंद्र , सोनू नारायण सिंह, राकेश, लक्ष्मण, अर्जुन , राकेश, बंसी,सुनील, विशाल, लाल बाबू, धर्मेंद्र, धुन, डॉ सतीश, लक्ष्मण, राजेंद्र, राशिश, रवि, योगेश,राधे, गजेंद्र, मुरारी, इंजीनियर संतोष, मनी सिंह, दिनेश आदि रहे।

# नाबालिक छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजेंद्र सिंह वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद में एक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ एक युवक द्वारा छेड़छाड़ और धमकियों के मामले को लेकर छात्रा के पिता ने एसपी से शिकायत की थी। जिसके बाद थाना हापुड़ देहात पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ 364/2025 धारा 74, 126, 351(2) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट के थाने पर मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसके बाद थाना हापुड़ देहात पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के अभियोग में वांछित व नामजद आरोपी युवक आशीष कुमार पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम पोठा हुसैनपुर थाना पिलखुवा को धनौरा कट के पास से गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की गई।

आपको बता दें थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित छात्रा के पिता ने आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में कक्षा 11 में पढ़ने के लिए स्कूल जाते समय थाना पिलखुवा क्षेत्र के गांव पूठा हुसैनपुर के एक युवक द्वारा बार-बार परेशान कर छेड़छाड़ व जान से करने को लेकर एसपी से शिकायत की थी। इसके बाद थाना हापुड़ देहात पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बताते चलें युवक न केवल छात्रा का स्कूल जाते समय रास्ता रोकता है, बल्कि विरोध करने पर गंदी भाषा का इस्तेमाल करता है और जान से मारने की धमकी भी देता है। इसके अलावा आरोपी ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से छात्रा को मैसेज भेजकर मानसिक उत्पीड़न करता था उसने छात्रा की फोटो का दुरुपयोग करने और उसे सोशल मीडिया पर फैलाने की धमकी भी दी। लगातार इस उत्पीड़न और धमकियों के कारण छात्रा मानसिक रूप से काफी परेशान हो चुकी है और स्कूल जाने में डर महसूस करती है। पिता की शिकायत पर एसपी ने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए थे।

## अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सटीक सूचना पर खीरी थाना पुलिस ने दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को अभियुक्त मोनू (उम्र 28 वर्ष) पुत्र निवासी ग्राम कटकुसमा, थाना व जिला खीरी को एक अवैध देशी राइफल 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 0784/2025, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राहुल कुमार, कांस्टेबल दिलीप कुमार, कांस्टेबल अंकित सिंह तथा महिला आरक्षी सृष्टि शामिल रहीं। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है। किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद को अपराधमुक्त बनाने के लिए पुलिस टीम पूरी तरह सक्रिय है।

## हापुड़ जनपद की 6 बालिकाओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



राजेंद्र सिंह वेलकम इंडिया

**हापुड़।** 69 वे राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हापुड़ की बालिकाओं का राज्य स्तर पर एथलीट प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल व चयन प्रयागराज में हुआ था जिसमें जनपद हापुड़ से 7 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया जिसमे से 6 बालिकाओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। सभी बालिकाएं 30. अक्टूबर से 3 नवंबर तक प्रयागराज में होने वाली राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतू तोमर, खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, योगेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पूजा सैनी, जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खेरा, आशा, सतीश सहित सभी ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, सभी विद्यालयों की वार्डन सहित समस्त शिक्षा परिवार ने बालिकाओं को हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## मानदेय न मिलने से नाराज आशा संगिनियों ने किया हंगामा, सीएचसी गेट मे जड़ा ताला



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर बांसी की आशा संगिनियों ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर का घेराव किया और गेट में ताला लगाया। चार माह माह का मानदेय सहित तमाम अन्य देयकों का भुगतान करने की मांग की। नाराज आशा संगिनियों का आंदोलन अधीक्षक के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर की सभी आशा संगिनी सीएचसी बसंतपुर पर पहुंची और आक्रोश जताया। उसके बाद अस्पताल गेट में ताला बंद कर बाहर नारेबाजी की और सभी बकाया देयकों का भुगतान अविलंब कराने की मांग की।

आशा संगिनी ने मांग की कि उनके चार माह का मानदेय दिलाया जाए, जीएस ई-आधार कार्ड, फाइलेरिया, सी बैक, टीबी, ड्रेस आदि का भुगतान कराया जाए।

आशा संगिनी की समस्याओं को देखते हुए अधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने अति शीघ्र भुगतान करने का आश्वासन दिया उसके बाद धरना समाप्त हुआ। इस दौरान नीलम यादव, सुमन, सविता, वंदना, चंदन, नैना आदि आशा संगिनी मौजूद रही।

## छठ पूजा पर सोनबरसा घाट पर महिलाओं ने सूर्यास्त पर दिया अर्घ्य

**कठेला/सिद्धार्थनगर।** इटवा ब्लॉक स्थित सोनबरसा ग्राम पंचायत और आसपास के गांवों की महिलाओं ने छठ पूजा के लिए घाट पर पूजन किया। यह व्रत संतान के कल्याण और सुख-समृद्धि के लिए रखा जाता है।

घाट पर पहले से ही चौक, लाइट और टेंट की व्यवस्था की गई थी। महिलाएं यहां पूजा-अर्चना करती हैं और सूर्यास्त तक जल में खड़ी होकर अर्घ्य देती हैं। व्रत रखने वाली महिलाओं के परिजन भी उत्साह के साथ गीत गाते हुए फल और गन्ने से भरे दउरा लेकर घाट पर पहुंचे।

इस अवसर पर कई गांवों के लोग उपस्थित रहे, जिनमें भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामू गुप्ता और समाजसेवी बाल गोविंद निषाद प्रमुख थे। सुनील और रमेश सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## गोवर्धन में कार्तिक पूर्णिमा पर यातायात व्यवस्था ध्वस्त



**मथुरा।** कार्तिक पूर्णिमा पर्व को लेकर यातायात पुलिस द्वारा 24 नवंबर से कस्बा गोवर्धन में रोड डायवर्जन लागू करने के आदेश जारी किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं की भीड़ के दौरान ट्रैफिक सुचारू रहे। लेकिन सोमबार को कस्बा गोवर्धन में चारों ओर भारी जाम की स्थिति बनी रही। यातायात पुलिस के निदेशों के बावजूद रोड डायवर्जन का पालन नहीं हो रहा है। परिक्रमा मार्ग, दानघाटी, दसविसा, राधाकुंड और मुख्य बाजार क्षेत्रों में वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। जाम के कारण श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने डायवर्जन की घोषणा तो कर दी, लेकिन इसका पालन कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था नहीं की गई। परिणामस्वरूप, कस्बे की सभी मुख्य सड़कों पर अव्यवस्था फैल गई है। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने और डायवर्जन को प्रभावी रूप से लागू कराने की मांग की है।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का बाहरी निरीक्षण किया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के बाद स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का बाहरी निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम - वीवीपैट वेयरहाउस परिसर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी नियमित रूप से अवश्य चेक करते रहे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को मूल-भूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे। निरीक्षण में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला टेलीकॉम समिति की बैठक में डीएम ने संचार कम्पनियों को दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क एवं संचार व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में बीएसएनएल के डिविजनल इंजीनियर आशीष निगम ने बताया कि जनपद में स्थापित कुल 48 टावरों में से 46 टावर सुचारू रूप से कार्यरत हैं, जबकि 2 टावरों सुचारू नहीं हो सकें है।

उन्होंने नेटवर्क एवं शैडो एरिया वाले क्षेत्रों की जानकारी भी दी।जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बीएसएनएल, एयरटेल एवं जियो नेटवर्क के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कंपनियां अपने नेटवर्क कवरेज क्षेत्र की सर्वर-आधारित रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि मोबाइल नेटवर्क व्यवस्था ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाओं, आपदा प्रबंधन एवं जनसंपर्क के लिए अत्यंत आवश्यक है। डीएम ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य ‟शून्य शैडो जोन” प्राप्त करना है, ताकि जिले के प्रत्येक गांव तक निर्बाध संचार सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि शैडो क्षेत्रों की उपजिलाधिकारी फील्ड सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे शीघ्र समाधानात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।बैठक में सीडीओ आर.सी. तिवारी, एडीएम एन.एस. नबियाल, एसडीएम प्रियंका रानी, ललित मोहन तिवारी, बीएसएनएल आशीष निगम, ईई पीडब्ल्यूडी संजय पांडे, ईई इरीगेशन हामिद हसन, ईओ नगरपालिका कपकोट बलवंत सिंह, जीएम डीआईसी चंद्र मोहन, एसडीओ तनुजा परिहार, इंजीनियर वोडाफोन आइडिया सुमित कुमार, एयरटेल प्रतिनिधि गिरिधर सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व सभासद के निधन पर शोक,दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**मथुरा।** श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति रोटी बैंक के सदस्य सोहन वर्मा की पत्नी नगर पंचायत राया की पूर्व सभासद रानी वर्मा के असामयिक निधन पर स्वर्णकार समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया। शोक व्यक्त करने वालों में नगर पंचायत फरह के चेयरमैन सालिगराम बटिया,मुकेश वर्मा,भगवती वर्मा एड.,रवि वर्मा बाबा, श्याम वर्मा,घनश्याम वर्मा,शिव कुमार सोनी मुरली वाला रोटी बैंक,आशीष वर्मा,चंदन सोनी, ज्ञान सिंह वर्मा,राम किशन वर्मा,श्रीमोहन वर्मा, राजेश वर्मा पूर्व अध्यक्ष,श्याम बाबू वर्मा,प्रिंस वर्मा,सुनील वर्मा,कृष्णकांत वर्मा,दाऊजी वर्मा,अमित वर्मा, मोनू वर्मा,सुरेन्द्र वर्मा,ब्रज मोहन वर्मा आदि प्रमुख रूप से रहे।

## डीएम ने गढ़ गंगा मेले का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं



राजेंद्र सिंह वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में लग रहें कार्तिक मेले में सोमवार को जिला अधिकारी अभिषेक पांडेय पहुंचे । जिलाधिकारी ने गढ़ मेले में बने कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का लिया जायजा साथ ही मेले में लगने वाली खाद्य दुकानों का निरीक्षण कर खाने की गुणवत्ता रखने के लिए दुकानदारों को दिए निर्देश दिए तथा संचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए तथा मेला क्षेत्र में बिजली विभाग की व्यवस्था का जाए जा लेते हुए बिजली के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो उनके बचाव हेतु कर्मचारियों को निर्देश दिए।

## पत्नी की हत्या की साजिश रचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में थाना सलेमपुर पुलिस ने हत्या की साजिश रचने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी अपने रिश्तेदार की पत्नी की हत्या की योजना बना रहे थे।

पुलिस के अनुसार थाना सलेमपुर क्षेत्र के गांव चिरचिटा निवासी राजेश कुमार ने थाना सलेमपुर में तहरीर दी थी कि गांव के ही लाल सिंह ने अपने बेटे भीम सिंह की पत्नी की हत्या कराने के लिए सुभाष नामक व्यक्ति को तमंचा दिया है। इस पर थाना सलेमपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। रविवार को पुलिस ने अभिसूचना के आधार पर सुभाष पुत्र किशन स्वरूप और लाल सिंह पुत्र कमलवा, दोनों निवासी ग्राम चिरचिटा को गिरफ्तार कर लिया।

# आस्था ,उपासना ,प्रकृति प्रेम ,हमारी संस्कृति और संयम का प्रतीक है छठ महापर्व संपूर्णा नंद पाण्डेय

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय ने पूरे देश वाशियो को छठ पर्व की दी बधाई और कहा कि छठ पूजा न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है बल्कि यह सामाजिक व सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है यह त्यौहार हमे प्रकृति की शक्ति का सम्मान करने और इसे संरक्षित करने की प्रेरणा देता है व्रती तनु पाण्डेय ने बताया कि इस बार किसी कारणवश छठ पूजा अपने शहर से दूर रहते हुए भी अपनी परम्परा को वैकल्पिक व्यवस्था के साथ मनाया और कहा कि छठ पूजा एक प्राचीन और पवित्र त्यौहार है जो सूर्य देवता और छठी मईया को समर्पित होता है छठ पूजा का मुख्य उद्देश्य सूर्य देवता की उपासना करना और उनसे जीवन,स्वास्थ्य,समृद्धि और खुशियों की कामना करना होता है।तनु ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हु जो इस व्रत को करने का मौका परिवार द्वारा मिला और छठ के इस पर्व पर पूरे देश वाशियो को ढलते सूरज से मिले संतोष की कला व उगते सूरज से आपको और आपके परिवार को मिले नव दिशा। तनु पाण्डेय के साथ छठ पूजा स्थल पर संपूर्णा नंद पाण्डेय, अमृतपाल सिंह,बबलीन कौरजसविंदर कौर,सरजीत सिंह, परी शर्मा,कोमल ढीलो, प्रियंका शर्मा,निधि सिंह,सिमरन, रूपिंदर ढ़ीलो और बहुत सारे भक्तगण उपस्थित रहे।

# गन्ने में आ रही लागत को देखते हुए, पांच सौ रुपए प्रति कुंतल हो भाव : वीर सिंह

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** गन्ना मूल्य वृद्धि, आगामी पिराई सत्र में शुगर मिल गेट और उनके क्रय केंद्रों पर पूर्ण रूप से घटतौली पर रोक, बकाया गन्ना भुगतान और आदमखोर गुलदारो के आतंक से मुक्ति के लिए भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गन्ना समिति परिसर बिजनौर में एकत्रित हुए और एक बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ और किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं के समाधान कराने पर चिंतन मनन किया गया।जिसके बाद संगठन के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में अपने हाथों में एक एक गन्ना लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जहाँ जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि पिछले कई सालों से गन्ना वृद्धि के नाम पर गन्ना किसानों को छला जाता है ।गन्ने में लगने वाली लागत में लगातार वृद्धि हो रही है लेकिन सरकारों को किसानों की लागत और मेहनत नहीं दिखाई देती। इसलिए सरकारों द्वारा ना तो किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाया जाता और ना ही समय से भुगतान किया जाता है ।

किसानों की बीच पहुंची जिलाधिकारी जसजीत कौर को जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने गन्ना किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और मुख्यमन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपकर जिलाधिकारी से शीघ्र किसानों की मांगों को उत्तर प्रदेश सरकार तक पहुंचाकर समाधान की मांग उठायी। जिलाधिकारी ने शीघ्र शासन को किसानों की समस्याओं और मांगों से अवगत कराकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में किसानों की मांगें आगामी पिराई सत्र 2025-26 में गन्ने की खेती में लगने वाली लागत को ध्यान में रखते हुए गन्ने का भाव 500 रू /क्विंटल घोषित करें । आगामी पिराई सत्र 2025-26 में शुगर मिल गेट व उनके क्रय केंद्रों पर गन्ने की घटतौली पूर्ण रूप से बंद कि जाए। सभी शुगर मिलों का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए।

बजाज ग्रूप जैसी शुगर मिलों से किसानों का बकाया भुगतान दिलाया जाए।सभी शुगर मिलों द्वारा आगामी पिराई सत्र में गन्ने का भुगतान 14 दिनों के भीतर करने का प्रावधान लागू किया जाए।आदमखोर गुलदारो के आतंक से जनपद को मुक्ति दिलाई जाए। आदि।

प्रदर्शन करने वालो में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, जग्गन अली,चौ. सतबीर सिंह, चौ. भूपेंद्र सिंह, चौ. देवेंद्र सिंह प्रधान , प्रदीप राणा, डॉ. अरूण कुमार, देवेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, गौरव, महिला जिला अध्यक्ष मोनिका चौधरी, मधु रानी, सहित बड़ी संख्या में भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रयागराज के खिलाड़ियों का दबदबा, अर्चिता अग्रवाल और श्रीवल्ली ने मारी बाजी – शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** शहर में आयोजित प्रतिष्ठित शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने कौशल का लोहा मनवाया। सन एन मेमोरियल ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन एस्कॉन्टिनेंटल में किया गया जिसके परिणाम निम्न है पहले स्थान पर राजस्थान के अरुण कटारिया दूसरे स्थान पर कानपुर के विकास निषाद तीसरे स्थान पर बंगाल के श्याम चौधरी प्रयागराज के हसनैन सिद्दीकी ने चौथा स्थान हासिल किया, जबकि अरनव अग्रवाल पाँचवें, कार्तिक खेतवाल छठवें, सौरभ चौबे (सतना) सातवें, स्पर्श यादव (प्रयागराज) आठवें स्थान पर रहे।

इसके अलावा अवध चैतन्य (एमपी) नवें, शिवम चौधरी (मथुरा) दसवें, अभिषेक मिश्रा (वाराणसी) 11वें, सत्येंद्र सिंह (कानपुर) 12वें, रवि चोपड़ा (प्रयागराज) 13वें, सुनील गुप्ता (प्रयागराज) 14वें, आलोक यादव (जौनपुर) 15वें, नारायण यादव (वाराणसी) 16वें, शशांक यादव (प्रयागराज) 17वें, हसन जावेद (प्रयागराज) 18वें, अभिषेक केशरवानी 19वें, हार्दिक सिंह (प्रयागराज) 20वें, अभिज्ञान 21वें, ठाकुर दौलत सिंह 22वें, अवनीश कुमार 23वें, कुमार सर्विस 24वें और धैर्य प्रताप सिंह 25वें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में प्रयागराज की अर्चिता अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया। दूसरे स्थान पर प्रिया यादव और तीसरे पर सैयद नौसिम रहीं। आयु वर्ग 8 वर्ष में श्रीवल्ली (प्रयागराज) प्रथम, कार्तिकेय गुप्ता (प्रयागराज) द्वितीय और श्री हरि (कौशांबी) तृतीय स्थान पर रहे। आयु वर्ग 12 वर्ष में जैन अब्दुल्ला प्रथम, दक्ष चूर्ण द्वितीय और मोहम्मद हैदर तृतीय स्थान पर रहे।


आयु वर्ग 16 वर्ष में याकूब हुसैन ने पहला स्थान हासिल किया, अपूर्व यादव दूसरे और आभाष श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रहे। बेस्ट अनरेटेड वर्ग में अमितेश नंदन (प्रयागराज) ने पहला स्थान पाया, जबकि आकाशदीप दूसरे और अभिज्ञान तीसरे स्थान पर रहे। ब्लू 1700 वर्ग में मोहम्मद वसीम प्रथम, प्रबल पांडे द्वितीय और विनायक सिंह मौर्य तृतीय स्थान पर रहे। फिजिकली हैंडिकैप्ड वर्ग में नवनीत दास ने बाजी मारी। बेस्ट वेटरन वर्ग में साबिर सिद्दीकी प्रथम, राजेश कुमार शर्मा (कानपुर) द्वितीय और दिनेश (प्रयागराज) तृतीय स्थान पर रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. उमर हसन और विशिष्ट अतिथि के रूप में अंशु गुप्ता (लोहा वाले) मौजूद रहे।

इसके साथ ही कॉम्पोनेंट सिस्टम के सौरभ गुप्ता, कीड़ा भारती के नवीन पोरवाल ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन एंकर सक्सेना जी, आईएमजी डायरेक्टर राघवेंद्र शुक्ला, यस यस यादव, जौनपुर के अभिषेक मिश्रा, और वाराणसी के सब अहमद द्वारा किया गया। प्रतियोगिता ने न केवल बच्चों में उत्साह जगाया बल्कि प्रयागराज को एक बार फिर खेल प्रतिभाओं की नगरी के रूप में स्थापित किया।

# जिला बिजनौर मिशन शक्ति अभियान की कसौटी पर उतर रहा खरा वही रविता राठी अव्वल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकार को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 को जिला बिजनौर क्षेत्र की प्रति एक महिलाओं तक सरकार की इस योजना को पहुंचाने में महिला कल्याण विभाग डी.एम.सी रविता राठी अपने सफल इरादों की कसोटी पर खरा उतरते दिखाई दे रही हैं। रविता राठी की कार्यशैली इस योजना को और भी अधिक महत्वपूर्ण बना रही है। जिस को लेकर रविता राठी जिला मुख्यालय से लेकर लखनऊ तक के सफर में लोकप्रिय बनी हुई हैं।

आपको बतादे कि प्रदेश की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर जारी मिशन शक्ति अभियान 5.0 हर नारी तक पहुंचने की जिम्मेदारी जिला स्तरीय पुलिस प्रशासन को दी गई है, हालांकि सभी अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी को बाखूबी निभाते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन जिला मुख्यालय पर एक महिला कल्याण विभाग में तैनात डी.एम.सी रविता राठी के मधुर व्यवहार से जिला बिजनौर की अवाम जब वाकिफ हुई तो बड़े ही कम समय में डी एम सी रविता राठी महिलाओं के बीच चहेती अधिकारियों में से एक बन गई।बताया जाता है कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 का सरकारी फरमान जारी हुआ तो महिला कल्याण विभाग डी.एम.सी रविता राठी ने कमान संभालते हुए गंभीर हो गई और उन्होंने अपने जिला बिजनौर क्षेत्र की तरफ रुख किया ओर अपने अधिकारियों के साथ गांव के उस चौराहे तक जा पहुंची जहां महिलाओं को उनके अधिकारों का ज्ञान नहीं था।महिला कल्याण विभाग डी.एम.सी रविता राठी की कार्यशैली से प्रभावित ग्रामीणों ने उनके इस सराहनीय कार्य से उत्साहित रूप से उन्हें जगह जगह सम्मानित भी किया रविता राठी के इस सराहनीय प्रयास ने एक नई करवट ली और अधिनयस्तों में भी जोश भर गया नारी शक्ति महिला सम्मान की इस योजना से सरकार को तो इसका लाभ मिल ही रहा है लेकिन पुलिस के पास भी अब महिला उत्पीड़न की घटनाओं में भी कमी आती दिखाई दे रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर धामपुर।** कोतवाली पुलिस ने गोकशी करने के तीन आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने पशु वध के उपकरण, अवैध शस्त्रों व एक बाइक और 10,460 रुपये नगदी भी बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान हुई फायरिंग के दौरान पैरों में गोली लगने से तीनों आरोपी घायल हो गए। तीनों घायल अभियुक्तों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि 25 अक्टूबर 2025 को थाना धामपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अमखेडा स्थित नहर के पास खेत में गौवंशीय अवशेष मिलने के संबंध में थाना धामपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 411/25 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया है। घटना के अनावरण हेतु पुलिस की टीम गठित की गई। उन्होंने बताया कि अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अमखेडा में हुई गौकशी की घटना से संबंधित अभियुक्तगण पोषक नहर पटरी के रास्ते से ग्राम इब्राहिम नारायण की तरफ जा रहे है। पुलिस टीम द्वारा चौकी गौरा बादल के पास चेकिंग की गई तो एक काले रंग की बाइक पर 3 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखायी दिये। पुलिस टीम द्वारा बाइक पर सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रूकने का इशारा किया, तो बाइक पर सवार आरोपियों द्वारा मौके से भागते हुए जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में तीनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी, जिन्हे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ ने बताया कि पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम नौशाद पुत्र सलीम, सुफियान उर्फ कानू पुत्र इलियास व इकराम अहमद उर्फ फरदीन पुत्र फुरकान निवासीगण ग्राम नीदडू थाना धामपुर बताए। अभियुक्तगणों के कब्जे से 03 तमंचे 315 बोर, 03 खाली खोखे तथा 05 जिंदा कारतूस 315 बोर, पशु कटान के उपकरण (दो छुरी), एक सुपर स्प्लेन्डर बाइक (बिना नं. प्लेट) और 10.460 रुपये की नगदी बरामद की गई है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने वे सभी अपने 03 अन्य साथियों के साथ मिलकर घूमन्तु गौवंशीय पशुओं को पकड़कर किसी सुनसान जगह पर बांध देते है और रात्रि में मौके मिलने पर उक्त पशुओं को जंगल में ले जाकर काट देते है तथा उनका मीट बेचकर आर्थिक लाभकमाते है। 24/25 अक्टूबर की रात्रि में भी उन सभी ने मिलकर जंगल में घूमन्तु गौवंशीय पशु को रात्रि में मौके लगने पर ग्राम अमखेडा के जंगल में ले जाकर काट दिया था, जिसके अवशेष खेत में ही छोड दिये थे और गौकशी के मीट को बेचने के लिये चले गए। आज फिर वे सभी गौकशी की घटना करने की फिराक में थे, जिन्हें पुलिस टीम ने दबोच लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार, उपनिरीक्षक पवन उज्जवल, उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल अमित चौधरी, हेड कांस्टेबल शिवकुमार, धर्मराज सिंह, जयप्रकाश, लोकेश व सौरभकुमार आदि शामिल रहे।

# थाना जीआरपी कैण्ट और आरपीएफ वाराणसी की सयुंक्त टीम ने गाड़ी नंबर 13010 दून एक्सप्रेस ट्रेन से 9.85 किग्रा नाजायज गांजा किया बरामद



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी ।** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी0,पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज प्रशांत वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुंवर प्रभात के आदेशानुसार रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मों व सकुर्लेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओ की रोकथाम एवं अपराधियो, वारण्टियों की गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध तस्करी के मद्देनजर चलाये जा रहे। थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर ने बताया की प्रभारी आरपीएफ कैंट वाराणसी सन्दीप कुमार मय हमराह उ0नि0 विकास कुमार,हे0का0 संजय कुमार यादव,हे0का0 प्रमोद राय आरपीएफ व हे0का0 राजीव सिंह,का0 सतीश यादव,का0 करमबीर आरपीएफ सीआईबी स्टेशन परिसर में चेकिंग करते हुए प्लेटफार्म नंबर आठ पर पहुंचे जहां पर गाड़ी नंबर 13010 दून एक्सप्रेस आयी जिसे प्रभारी निरीक्षक समस्त पुलिस बल के साथ चेकिंग करते हुए पीछे साईड जनरल बोगी पहुंचे जहां पर एक बैग चाकलेटी रंग संदिग्ध रूप से पड़ा मिला जिसके सम्बंध मे कोच मे मौजूद यात्रियो से पुछताछ किया गया किन्तु मौके पर कोई भी व्यक्ति उक्त बैग को अपना होना नहीं बताया।

# लोक आस्था के पावन पर्व छठ को सुरक्षित और सफल बनाने के लिए घाटों पर तैनात एनडीआरएफ

**वेलकम इंडियासंतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** लोक आस्था के महापर्व डाला छठ पर सूर्यदेव की उपासना के लिए लाखों श्रद्धालु पवित्र नदियों के घाटों पर श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रतिवर्ष एकत्रित होते हैं इन सभी श्रद्धालुओं और आगंतुकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए एनडीआरएफ की टीमें वाराणसी, गोरखपुर तथा चंदौली के लगभग सभी मुख्य घाटों पर हर वर्ष की भांति इस साल भी पूरी तैयारी के साथ तैनात कर दी गई है।

वाराणसी में एनडीआरएफ की कुल छह टीमों को सभी संवेदनशील घाटों जैसे राजघाट,ललिता घाट,दशाश्वमेघ घाट, पंचगंगा घाट,राजेंद्र प्रसाद घाट,केदार घाट,अस्सी घाट,सामने घाट,विश्वसुन्दरी घाट और अन्य नजदीकी घाटों पर अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों के साथ गंगा नदी में तैनात किया गयो इसके साथ ही वाराणसी के अन्य संवेदनशील स्थानों जैसे वरुणा नदी में शास्त्री घाट,सूर्य सरोवर,बनारस रेलवे कारखाना,वाराणसी पर भी एनडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

चन्दौली जनपद के मुगलसराय क्षेत्र में मनसारोवर तालाब एवं बलुआ घाट में भी एनडीआरएफ टीमों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से तैनात किया गया इसके अतिरिक्त गोरखपुर में घाघरा नदी के राज घाट तथा इसके आसपास के अन्य भीड़ की दृष्टि से संवेदनशील घाटों पर भी एनडीआरएफ की टीमें मुस्तैदी से तैनात है।

विदित हो की वाराणसी,गोरखपुर और चंदौली जैसे जिलों में जहां छठ का पर्व प्रमुखता से मनाया जाता है वहां छठ व्रतियों और उनके परिजनों की सुरक्षा के लिया एनडीआरएफ की कुल नौ टीमें सभी जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर मय उपकरणों और संसाधनों के साथ छठ पूजा के दौरान घाटों पर पूरी मुस्तैदी से तैनात है।

# एशियन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता को डीएम ने बधाई

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** बिजनौर की तीनों बेटियों को रू75,000 की आर्थिक सहायता जिलाधिकारी जसजीत कौर ने दी बधाई

बिजनौर के आदेश के क्रम में 20वीं एशियन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रोलर डर्बी स्पर्धा में रजत (सिल्वर) पदक अर्जित करने वाली जनपद की तीनों खिलाड़ी – कुमारी वैष्णवी शर्मा, कुमारी श्रेया एवं आकृति सोरियान – को जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति, बिजनौर की ओर से रू75,000/- (पचहत्तर हजार रुपये) की आर्थिक सहायता एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

प्रत्येक खिलाड़ी को रू25,000/- (पच्चीस हजार रुपये) की धनराशि दी गई है। उल्लेखनीय है कि इन्हें पूर्व में भी इसी प्रतियोगिता के लिए समान प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी।इस अवसर पर राजकुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं सचिव, जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति, बिजनौर ने कहा कि,खिलाड़ियों को दी गई यह आर्थिक सहायता उनके कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन के सम्मान में है। इससे अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करें।जिलाधिकारी बिजनौर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि, कुमारी वैष्णवी शर्मा, कुमारी श्रेया और आकृति सोरियान ने अपनी प्रतिभा और समर्पण से बिजनौर जनपद का नाम ऊँचा किया है। जिला प्रशासन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु हर संभव सहायता प्रदान करता रहेगा, ताकि वे भविष्य में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर सकें।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि खेल भावना और समर्पण के साथ आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा हैं, और प्रशासन उनके सर्वांगीण विकास हेतु कटिबद्ध है।



# बीएचयू वाराणसी में छह दिवसीय सिक्स- डे पायलट ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर एजुकेटर्स टू बी एंगेज्ड ऐज रिसोर्स पर्सन इन एचईआईज विषयक प्रोग्राम का किया गया शुभारम्भ

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** अन्तर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केन्द्र बीएचयू वाराणसी में 27 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2025 तक छह दिवसीय सिक्स-डे पायलट ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर एजुकेटर्स टू बी एंगेज्ड ऐज रिसोर्स पर्सन इन एचईआईज विषयक प्रोग्राम का किया गया शुभारम्भ,कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण से हुओ मुख्य अतिथि प्रो० ए०सी०पाण्डेय निदेशक,इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर नई दिल्ली रहे उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो० प्रेम नारायण सिंह निदेशक आईयूसीटीई बीएचयू वाराणसी ने की प्रो० ए०सी० पाण्डेय निदेशक इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर,नई दिल्ली ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करना है जो उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक अहम कदम होगा उन्होंने यह भी कहा कि एक सुव्यवस्थित प्रशिक्षण मॉड्यूल न केवल शिक्षकों की दक्षता बढ़ाता है बल्कि छात्रों के कौशल विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रो० प्रेम नारायण सिंह निदेशक आईयूसीटीई बीएचयू वाराणसी ने सभी प्रतिभागियों एवं मुख्य अतिथि का स्वागत किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी भारतीय ज्ञान प्रणाली में शिक्षा के सभी पहलू समाहित हैं जो प्रशिक्षण और कौशल आधारित रही है उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हैं इसके लिए एक प्रभावी प्रशिक्षण मॉड्यूल का ढांचा तैयार करना जरूरी है जिससे शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके और वे छात्रों के कौशल विकास में बेहतर योगदान दे सकें प्रो० अशीष श्रीवास्तव,अधिष्ठाता (शिक्षण एवं अनुसंधान),आईयूसीटीई ने कार्यक्रम की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें प्रशिक्षण मॉड्यूल के विकास की प्रक्रिया शामिल है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है।

पहले सत्र में प्रो० ए०सी० पांडेय निदेशक इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर नई दिल्ली ने उच्च शिक्षा में नैतिकता और व्यावसायिकता विषय पर विचार साझा किए उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि एक शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं होती बल्कि नैतिक मूल्यों और व्यावसायिक आचरण को भी समाहित करना आवश्यक हैं सत्र के दौरान प्रो.पाण्डेय ने एक कार्यशाला का संचालन भी किया जिसमें प्रतिभागियों ने मिलकर शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु मॉड्यूल विकसित करने की प्रक्रिया पर कार्य किया उन्होंने मॉड्यूल निर्माण के विभिन्न चरणों, आवश्यकताओं और गुणवत्ता मानकों पर विस्तार से चर्चा की।

# महिला सशक्तिकरण में पुलिस की भूमिका व पुलिस सम्मान समारोह

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** महिला सशक्तिकरण में पुलिस की भूमिका व पुलिस सम्मान समारोह गोविंदपुरी स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क दिल्ली मेरठ रोड पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर आनंद कुमार आईपीएस सेवानिवृत्ति व विशिष्ट अतिथि केशव कुमार चौधरी आईपीएस एडिशनल सीपी गाजियाबाद में सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी को माल्यार्पण किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत श्री गणेश वंदना से हुई अतिथियों का एवं मंचासीन व्यक्तियों का नीरज गुप्ता संजय गुप्ता अरविंद गर्ग आतिश गुप्ता मोहित जैन व पूजा गुप्ता मीरा गर्ग ने पट का डालकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में मौजूद महिला पुलिसकर्मी उषा मलिक पिंक बूथ थाना प्रभारी शिखा त्यागी मिशन शक्ति प्रभारी मोदीनगर एकता देओल मोदीनगर अंजलि पाल मिशन शक्ति प्रभारी भोजपुर स्वाति सिंह भोजपुर प्रिया मिशन शक्ति प्रभारी पीएस निवाड़ी नेहा सिंह पीएस मोदीनगर दीक्षा कटिहार पीएस निवाड़ी सभी एस आई नूतन कांस्टेबल प्रीति कांस्टेबल सुमन हेड कांस्टेबल पीएस मोदीनगर सभी को प्रतीक चिन्ह देकर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने सम्मान किया साथ में एसीपी अमित सक्सेना थाना प्रभारी नरेश कुमार शर्मा चौकी इंचार्ज गोविंदपुरी रोहित शुक्ला को भी सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि वह विशिष्ट अतिथियों को नीरज गुप्ता अरविंद गर्ग आतिश गुप्ता मोहित जैन शशांक गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर आनंद कुमार ने आज के युग में पुलिस को बहुत जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई भी किसी परेशानी में पड़ गए तो पुलिस की जरूरत पड़ती है। दहेज लेने व देने को कड़ा अभिशाप बताया गाजियाबाद में राष्ट्रपति महोदय के आने के बाद भी एडिशनल सीपी कार्यक्रम में आए उनका धन्यवाद अदा किया। विशिष्ट अतिथि केशव कुमार ने मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से बताया कहा मुख्यमंत्री का यह सब एक विजन है इसमें महिलाओं को काफी हेल्प मिलती है। सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर अमित सक्सेना ने भी मिशन शक्ति पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम को तीन संस्थाओं उद्योग व्यापार परिषद युवा निर्माण वाहिनी वह श्री खाटू श्याम रसोई ट्रस्ट रजि० ने मिलकर किया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ वर्षा गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष श्री वैष्णव कुटुंब सेवा समिति ने किया। मंच संचालन उद्योग व्यापार परिषद के अध्यक्ष मुन्नू अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित बंधुवर रामकिशोर अग्रवाल पंडित राम श्री शर्मा अरविंद अग्रवाल प्रवीन मित्तल अशोक गर्ग ,देवराज मित्तल जयप्रकाश बंसल एडवोकेट किरण पाल सिंह आर्य एडवोकेट धीरज नागर नरेश गोयल आशीष बिश्नोई एडवोकेट राजकुमार गांधी रविंदर गर्ग सत्येंद्र तोमर सतीश अग्रवाल नमक वाले अमित गोयल शरद जिंदल राम भरोसे लाल मौर्या अनिल कश्यप विनोद अग्रवाल सुशील जैन नरेश ओम हैंडलूम वाले मनोज त्यागी जागृति गुप्ता राहुल गोयल राजकुमार गुप्ता अशोक राज बैंडलिश राजकुमार अग्रवाल प्रदीप माहेश्वरी ललित माहेश्वरी राजेंद्र गोयल राजेश गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# नींव द स्कूल में गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नींव द स्कूल में समारोह भारत विकास परिषद द्वारा गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सचिव अमित अग्रवाल डायरेक्टर डॉक्ट्र अपर्णा शर्मा ,वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा खेमराज आर्य (अध्यक्ष) शिवानी शर्मा (सचिव) हिमाली मोदी (महिला संयोजिका) एवं गौरव शर्मा (अध्यक्ष) द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में भारत विकास परिषद के सचिव अमित अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आज के कार्यक्रम का महत्व बताया। स्कूल के मेधावी छात्रो जैसे रिमशा खान( कक्षा 9 ),अक्ष शर्मा (कक्षा 7) ,अथर्व गर्ग (कक्षा 5), ओजस्वी भारद्वाज (कक्षा 4) एवं अद्विक गर्ग (कक्षा ३) को सचिव शिवानी शर्मा ,महिला संयोजिका हिमाली मोदी अध्यक्ष गौरव शर्मा ,सचिव श्री अमित अग्रवाल जी एवं अन्य मान्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। छात्र छात्राओं ने सभी उपस्थित शिक्षक गण का तिलक किया एवं सादर पूर्वक उनको नमन कर कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के शिक्षक गण जैसे गीतांजलि शर्मा ,साधना शर्मा, अनुराधा त्यागी , रेनू चौधरी एवं गरिमा कौशिक को भी पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष खेमराज आर्य ने सचिव अमित अग्रवाल एवं सभी गण मन अतिथियों का धन्यवाद प्रकट किया एवं छात्र-छात्राओं का प्रोत्साहन बढ़कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नींव द स्कूल आशा करता है कि सभी छात्र-छात्राएं प्रत्येक क्षेत्र में इसी प्रकार आगे बढ़ते रहें एवं स्कूल का नाम रोशन करते रहे।

## पूर्व विधायक के सौजन्य से मोदीनगर के बुजुर्ग ब्रजमंडल की यात्रा करेंगे

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पूर्व विधायक पं0 सुदेश शर्मा के सौजन्य से वरिष्ट नागरिक संस्था (पंजी0) से सम्बद्ध लगभग 50 बुजुर्ग महिला व पुरुष आगामी 29 व 30 अक्टूबर को द्विदिवसीय ब्रज मंडल क्षेत्र के सभी दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर धर्म लाभ उठाएंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए वरिष्ट नागरिक संस्था के अध्यक्ष रकम सिंह दरोगा जी व संरक्षक रामेश्वर दयाल गुप्ता तथा धार्मिक यात्रा के संयोजक संजय गुप्ता ने प्रथक-प्रथक वक्तव्य में बताया कि हाल ही में पूर्व विधायक पं0 सुदेश शर्मा ने वरिष्ट नागरिक संस्था के हुए एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए वायदा किया था कि वह पिता तुल्य बुजुर्गो को धार्मिक यात्रा करा धर्म लाभ उठाएंगे। यात्रा के दौरान बुजुर्ग मथुरा, वृंदावन, बरसाना सहित अन्य ब्रजमंडल की धार्मिक यात्रा कर अपना परलोक सुधारंगे।

## डीपीएस में ए-आई विषयक कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ ने किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** यहां कादराबाद में मेरठ-दिल्ली मार्ग पर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस विषयक एक कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ यश गुप्ता ने शिक्षा, उद्योग जगत में अपने अनुभवों को सांझा करते हुए डेटा सेंटर एवं ए.आई. में अग्रणी नवाचारों पर ज्ञानवर्धक विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि ए.आई. अत्याधुनिक अनुसंधान तथा आधुनिक तकनीकी इंजीनियरिंग को नया आविष्कार दे रहा है।इससे पूर्व डीपीएस की शीर्षस्थ प्रबंधक अनीशा गांधी ने दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यशाला का शुभारंभ किया और इस प्रकार के ज्ञानवर्धक आयोजनों को विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को मुखारित करने में काफी सहायक बताया। विद्यालय प्रशासन द्वारा आमंत्रित मुख्य अतिथि वक्ता विषयक विशेषज्ञ यश गुप्ता का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## कस्बा रोड व अंबेडकर प्रतिमा स्थल को अतिक्रमण मुक्त किया जाए, ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** यहां कस्बा बेगमाबाद रोड एवं डा0 भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल के ईर्द-गिर्द फैले अतिक्रमण से आवाजाही में हो रही जन असुविधाओं की तरफ पुलिस का ध्यान आकर्षित करते हुए कुछ जागरूक शहरवासियों ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश शर्मा को ज्ञापन देकर मांग की है कि जनहित में फैले अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए तथा उधर से गुजरने वाले पैदल व वाहन चालकों को राहत दी जाए। एसएचओ ने इस संबंध में शीघ्र ही कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## महिलाओं को गन प्वाइंट पर लूटने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश

**गाजियाबाद।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर में महिलाओं को गन प्वाइंट पर लूटने वाले एक खूंखार अंतरराज्यीय गिरोह का गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया। सोमवार सुबह क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने की प्रभारी निरीक्षक (एसओ) सरिता सिंह की टीम ने एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के नेतृत्व में इस गिरोह से मुठभेड़ की, जिसमें दो लुटेरों के पैर में गोली लगी और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। यह वही गिरोह है जिसने 23 अक्टूबर को कुशलिया निवासी एक महिला और उसकी पोती को गन प्वाइंट पर लेकर लाखों के जेवरात, मोबाइल और नकदी लूट ली थी। पुलिस लंबे समय से इन बदमाशों की तलाश में थी। आज सुबह एसओ सरिता सिंह अपनी टीम के साथ क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के जल प्लांट रोड पर चेकिंग कर रही थीं। उसी दौरान एक ऑटो रिक्शा तेज रफ्तार में आता दिखा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो ऑटो में सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो लुटेरों इरफान गाजी और सादाब निवासी डासना के पैरों में गोली मारकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने मौके से भाग रहे अन्य दो बदमाशों अमन गर्ग और नाजिम खान निवासी कुशलिया मसूरी को भी धर दबोचा। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने लुटेरों के पास से देशी तमंचे, जिंदा कारतूस, लूटी गई ज्वेलरी, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। प्राथमिक पूछताछ में बदमाशों ने दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और मेरठ में कई लूट की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है।

# अवैध कालोनी पर जीडीए द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** ग्राम बिसोखर में लगभग 12 बीघे जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी पर जीडीए द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में आज प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में ग्राम -बिसोखर, तहसील मोदीनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0--पर लगभग 12000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग हेतु पूर्व में चिनाई कर सडक पर मिट्टी भराई की गई है तथा बिजली के पोल लगाये गये है।

उपरोक्त अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सडक, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान अवैध निर्माणकताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा नियन्त्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति प्राप्त किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नही जायेगा। अनाधिकृत रूप से किये गये निर्माण के विरूद्ध सहायक अभियन्तागण, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# टीकम सिंह सेंगर जिला अध्यक्ष एवं रोबिन कुमार जिला मंत्री निर्वाचित हुए



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बिजनौर स्थित संघ भवन कार्यालय में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कर्मचारी संयुक्त परिषद बिजनौर का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में समस्त मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ एवं योगेंद्र पाल सिंह योगी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की देखरेख में हुए इस निर्विरोध चुनाव में टीकम सिंह सेंगर जिला अध्यक्ष, रोबिन कुमार जिला मंत्री एवं भुवन चंद पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए अपेक्षा की गई कि अब संगठन पहले से अधिक मजबूत एवं सक्रिय होकर कार्य करेगा।

इस चुनाव प्रक्रिया में डॉ सुबोध चंद्र शर्मा, नरेंद्र कुमार, ओपी शर्मा, सुजीत कुमार, वीके वर्मा, पूरन सिंह, नकुल कुमार, महबूब अली, दीपक कुमार, हिमांशु कुमार, पंकज कुमार वर्मा, मेघराज सिंह आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का वार्षिकोत्सव 7 दिसम्बर को

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद कार्यकारिणी सदस्यों की एक मीटिंग सभा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आशीष सौरखिया के निवास स्थान राजनगर ऐक्सटेंशन, गाजियाबाद में हुई। जिसमें सभा का वार्षिकोत्सव 07 दिसम्बर 2025 को सफल बनाने के लिए विचार किया गया। वार्षिकोत्सव के लिए स्थान, समय, कितने लोगों कार्यक्रम एवं मुख्य व विशिष्ट अथितियों के नामों के लिए समिति बनाकर कार्य शुरू करने का निर्णय लिया गयो

सभा के शुरू में चित्रगुप्त के फोटो के सामने दीप प्रज्वलित करके स्तुति की गई एवं सभा के बाद अच्छा जलपान किया गया।

सभा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना, कार्यकारी अध्यक्ष डा. आशीष सौरखिया, उपाध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, राजेन्द्र कुमार बिसारिया, महामन्त्री दीपक श्रीवास्तव, उप महामन्त्री, आशुतोष श्रीवास्तव, संगठन मन्त्री एस के भटनागर, शरद वीर कुदेशिया डी सी श्रीवास्तव, अविनाश सक्सेना, विकल कुलश्रेष्ठ,संदीप सक्सेना, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा पूजा सक्सेना, सन्जू सक्सेना,आस्था सौरखिया, अन्जू सक्सेना, मोनिका श्रीवास्तव,गीतिका श्रीवास्तव,ज्योति सक्सेना,साधना विद्यार्थी,डा. संगीता सक्सेना,समस्त सौरखिया परिवार, के के श्रीवास्तव एवं अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण और हिण्डन नदी पुनरुद्धार को लेकर उठाए कड़े कदम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति और जिला पर्यावरण समिति की मासिक बैठक सोमवार को महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद, तथा समितियों के नामित एवं पदेन सदस्य उपस्थित रहे। सीडीओ ने बैठक में सभी कार्यदायी विभागों को निर्देशित किया कि 2025-26 में हुए वृक्षारोपण का अंतरविभागीय सत्यापन शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही आगामी मानसून सत्र 2026-27 में होने वाले वृक्षारोपण हेतु अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर भूमि चिन्हित करने के आदेश दिए।

जिला गंगा समिति की समीक्षा बैठक में पर्यावरण विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम मतौर से हिण्डन नदी की एंट्री प्वाइंट पर जल की सेमप्लिंग की जाए और नदी के बीच-बीच में भी सेमप्लिंग कर बीओडी और सीओडी की गुणवत्ता मापी जाए। अधिशासी अभियंता मुरादनगर को ग्राम मकरेड़ा नाले पर बायोरैमेडियेशन और फायटोरैमेडियेशन का कार्य करने हेतु आदेशित किया गया। जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मकरेड़ा नाले में आने वाले 8 ग्रामों के अपशिष्ट की समय-समय पर सेमप्लिंग कर जांच सुनिश्चित की जाए।

# प्रबन्ध निदेशक ने कार्तिक गढ गंगा मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** ईशा दुहन (आई०ए०एस०) प्रबन्ध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०, एवं श्री अभिषेक पाण्डेय (आई०ए०एस०) जिलाधिकारी हापुड द्वारा संयुक्त रूप से आज दिनांक 27.10.2025 को गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड में आयोजित गढ़ गंगा मेला-2025 का स्थलीय निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिले।

प्रबन्ध निदेशक ने मेला क्षेत्र एवं स्नान घाट का स्थलीय निरीक्षण कर विद्युत लाईन और वितरण तन्त्र की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक ने श्री भागीरथ विद्युत सुरक्षा अधिकारी से बातचीत की, जिसमें उन्होने विद्युत सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाये कि सभी बिजली प्रणालियां सुरक्षित और विश्वसनीय हों।

प्रबन्ध निदेशक ने कहा सभी अधिकारी लाईन स्टाफ अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और विद्युत सुरक्षा के दृष्टिगत कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रबन्ध निदेशक ने यह भी निर्देशित किया कि मेले के दौरान उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जाये तथा 24 घंटे विद्युत हैल्प लाईन नम्बर-1912 को सक्रिय रखा जाये।

उन्होने कहा विद्युत विभाग की जिम्मेदारी केवल विद्युत आपूर्ति तक सीमित नही है बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा भी विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्तिक गढ गंगा मेला में विद्युत सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत आपूर्ति से जुडी तैयारियां समय से ही पूर्ण कर ली जाये।

निरीक्षण के दौरान श्री एन०के० मिश्र निदेशक (तकनीकी), श्री संजीव कुमार, मुख्य अभियन्ता (वितरण) बुलन्दशहर क्षेत्र, बुलन्दशहर, स्तुति सिंह क्षेत्राधिकारी, गढ़मुक्तेश्वर, श्री एस०के० अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, हापुड, श्री सूर्योदय कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, गढ़ आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में छठ पर्व की तैयारियां जोरों पर अधिकारी कर रहे हैं व्यवस्थाओं का निरीक्षण

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** शासन के निदेर्शानुसार एवं जिलाधिकारी महोदय के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में जनपद के सभी नगर निकायों में छठ पर्व को सकुशल, सुरक्षित एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिलेभर में प्रशासनिक एवं निकाय अधिकारी लगातार छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रणविजय सिंह ने जानकारी दी कि जनपद के प्रत्येक छठ घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश, सुरक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रत्येक सूक्ष्म बिंदु की जांच कर आवश्यक सुधार कर रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। गाजियाबाद की विभिन्न नगर पालिकाओं एवं पंचायत क्षेत्रों में छठ घाटों पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। सभी निकायों में घाटों की सफाई, बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा टीमों की तैनाती, कंट्रोल रूम और प्रकाश व्यवस्था सहित सभी जरूरी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। नगर पालिका परिषद लोनी क्षेत्र में यमुना नदी के ठोकर संख्या-7 और 9 पर विशेष तैयारी की गई है। यहां नदी में जाली लगाकर बैरिकेडिंग की गई है, साथ ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की गई है।

घाटों पर 4 मोबाइल शौचालय, 4 पानी के टैंकर, 2 प्रशासनिक कैंप और 2 पालियों में सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। श्रद्धालुओं के लिए टेंट, चेंजिंग रूम और बड़े जनरेटर के माध्यम से प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

डीएलएफ अंकुर विहार, नाईपुरा, नवीन कुंज, रामविहार और निस्तौली छठ घाटों पर भी नगर निकायों द्वारा समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रत्येक स्थल पर मोबाइल शौचालय, पानी के टैंकर, प्रशासनिक कैंप, चेंजिंग रूम, टेंट और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई और सुरक्षा की निगरानी हेतु नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं, जो पर्व के दौरान सभी व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखेंगे। नगर पालिका परिषद खोडा-मकनपुर क्षेत्र में छठ घाटों पर विशेष तैयारियां की गई हैं। यहां साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, डस्टबिन, प्रचार-प्रसार हेतु बैनर-होर्डिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, टोल फ्री नंबर, सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम, सेल्फी प्वाइंट और शून्य अपशिष्ट कार्यक्रम जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी के टैंकर, मोबाइल टॉयलेट, चेंजिंग रूम, वॉच टावर और लाइफ जैकेट से लैस सुरक्षा टीमें भी तैनात की गई हैं। नगर पालिका परिषद मोदीनगर में घाटों की सफाई, शौचालयों की व्यवस्था और पेयजल की आपूर्ति के साथ-साथ फॉगिंग और एंटी-लार्वा छिड़काव भी कराया गया है, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर सकें। नगर पालिका परिषद मुरादनगर में गंगनहर घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यहां 50 सफाई कर्मचारियों की दो पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। घाट पर 4 मोबाइल टॉयलेट, 36 डस्टबिन, 4 पानी के टैंकर और 50 अस्थायी लाइटें लगाई गई हैं। महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, साथ ही घाट पर बेरिकेडिंग और सुरक्षा इंतजाम भी सुदृढ़ किए गए हैं। नगर पंचायत डासना में वार्ड नंबर-7 के देवी मंदिर परिसर में छठ पूजा हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। घाटों की सफाई, कूड़ा निस्तारण, डस्टबिन की व्यवस्था, मार्गों की सफाई, लाइटिंग, बैरिकेडिंग, पेयजल, अस्थायी शौचालय और बैठने की व्यवस्था पूरी की गई है।

# हाई एंड पैराडाइज, राज नगर एक्सटेंशन में श्रद्धा और उल्लास के साथ छठ पूजा मनाई



वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** राज नगर एक्सटेंशन स्थित हाई एंड पैराडाइज सोसाइटी में सोमवार को छठ पूजा का पावन पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सोसाइटी के स्विमिंग पूल परिसर में श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ पूजा-अर्चना की और वातावरण जय छठ मइया के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन समिति और निवासियों ने मिलकर पूरे परिसर को दीपों और फूलों से सजाया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सोसाइटी के सभी निवासियों का विशेष योगदान रहा।

# मकान दिलाने के नाम पर घरेलू सहायिका से ढाई लाख की ठगी

**गाजियाबाद।** भाटिया मोड़ के पास पंचवटी में मकान दिलाने के नाम पर घरेलू सहायिका से ढाई लाख रुपये की ठगी की घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस आयुक्त के आदेश पर नेहरूनगर थर्ड निवासी पति-पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में सिहानी गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मोमराजनगर गली नंबर दो निवासी मालावती ने बताया कि वह घरेलू सहायिका का काम करती हैं। उनको मकान की जरूरत थी। उन्होंने पिछले साल नेहरूनगर थर्ड निवासी बिंदिया जैन व उनके पति सचिन से इस बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि वह उनको मकान दिला सकते हैं।

# हरनंदीपुरम योजना में भूमि क्रय प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश: अतुल वत्स

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने सोमवार को प्राधिकरण सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में हरनंदीपुरम योजना की भूमि क्रय प्रक्रिया की गहन समीक्षा की। बैठक में सभी अनुभागीय अधिकारियों, नोडल अधिकारियों और संबंधित विभागों के प्रभारी मौजूद रहे। उपाध्यक्ष ने बैठक के दौरान भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए और स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने ओएसडी प्रथम को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे स्वयं फील्ड में उतरें और किसानों से सीधे संवाद स्थापित करें, ताकि भूमि क्रय प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं आपसी विश्वास को मजबूत किया जा सके।

श्री वत्स ने कहा कि किसानों की सहमति और संतोष इस योजना की सफलता का प्रमुख आधार है, इसलिए उनके सभी सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान किया जाए। उपाध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिया कि हरनंदीपुरम योजना से संबंधित जानकारी और मार्गदर्शन के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति का सामना न करना पड़े और वे सीधे प्राधिकरण से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकें। बैठक के दौरान श्री वत्स ने 'पहल पोर्टल' को अधिक प्रभावी और उपयोगी बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राधिकरण की सभी योजनाओं के आवंटियों को पत्र के माध्यम से सूचित किया जाए ताकि वे अपने विवरणों की जांच एवं सत्यापन कर सकें। जिन आवंटियों के मोबाइल नंबर या संपर्क विवरण प्राधिकरण के रिकार्ड में उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें एक बार प्राधिकरण कार्यालय आकर अपने रिकार्ड को अपडेट कराने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें भविष्य में सभी सेवाएं घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध हो सकें।

# बार एसोसिएशन के चुनावों पर रोक, अधिवक्ताओं को लगा झटका

**गाजियाबाद।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया के हालिया आदेश के चलते गाजियाबाद बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनावों पर 15 फरवरी 2026 तक रोक लगा दी गई है। इस फैसले से चुनाव में भाग लेने की तैयारी कर रहे अधिवक्ताओं को बड़ा झटका लगा है। गाजियाबाद में पिछले कुछ समय से बार चुनाव कराने की मांग लगातार उठ रही थी, यहां तक कि चुनाव की अनुमति के लिए धरना प्रदर्शन भी किया गया था। लेकिन अब बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमेन के निदेर्शों के अनुसार उत्तर प्रदेश के सभी बार एसोसिएशनों को 15 नवंबर से 15 फरवरी तक कोई भी चुनाव कराने या अधिसूचित करने से रोका गया है। बार काउंसिल के पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह रोक उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनावों और स्थानीय बार एसोसिएशनों के चुनावों के ओवरलेप से बचने के उद्देश्य से लगाई गई है।

# छठ महापर्व के दूसरे दिन पंचशील प्राइम रोज सोसाइटी में भक्ति और उल्लास का संगम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम स्थित पंचशील प्राइम रोज सोसाइटी में छठ महापर्व का दूसरा दिन सोमवार को पूरी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु परिवार एकत्र हुए और डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर सूर्य देव एवं छठी मइया से परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। पूरे परिसर में भक्ति और सौहार्द का अद्भुत वातावरण बना रहा।

सोसाइटी परिसर में बने कृत्रिम घाटों को फूलों, दीपों और रंगोली से सजाया गया था। चारों ओर छठ गीतों की मधुर गूंज और दीपों की रोशनी से वातावरण आध्यात्मिक बन गया। श्रद्धालु महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पूजन-अर्चन किया और परिवार सहित इस पवित्र पर्व के दूसरे दिन की विधियों का पालन किया। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष श्री नीरज सिंह के नेतृत्व में सभी व्यवस्थाएं अत्यंत सुंदर, सुसंगठित और अनुशासित रहीं। सोसाइटी प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी, प्रकाश, सुरक्षा और पूजा सामग्री की समुचित व्यवस्था की, जिससे कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुआ। विशेष रूप से उल्लेखनीय यह रहा कि इस बार छठ महोत्सव का शुभारंभ सोसाइटी के निवासी श्री रविंद्र तिवारी द्वारा किया गया, जो पहली बार इस धार्मिक आयोजन के आयोजक बने। उन्होंने परिवार सहित छठी मइया की पूजा कर समस्त समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में सुधीर वर्मा, बृजेश सिंह सहित सोसाइटी के अनेक श्रद्धालु परिवारों ने भाग लिया और सूर्य देव की आराधना में भावपूर्ण रूप से शामिल हुए। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने का यह दृश्य न केवल भक्ति का प्रतीक था, बल्कि एकता, सामूहिकता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का सशक्त संदेश भी दे रहा था। इस पावन अवसर पर एक और शुभ संयोग यह भी रहा कि अयोध्या जनपद के गोसाईगंज के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी 'खब्बू तिवारी' जी का जन्मदिन भी इसी दिन पड़ा। उनके छोटे भाई रविंद्र तिवारी, जो सोसाइटी के निवासी हैं, ने पूजा-अर्चना के दौरान अपने बड़े भाई के दीघार्यु एवं जनसेवा के निरंतर मार्ग पर अग्रसर रहने की मंगलकामना की। पूरे आयोजन के दौरान छठ के पारंपरिक गीतों की ध्वनि, दीपमालाओं की आभा और भक्तों की आस्था ने वातावरण को पवित्र बना दिया। बच्चों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम में उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सोसाइटी के सदस्यों ने कहा कि छठ केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज में एकता, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का सजीव प्रतीक है। ऐसे आयोजन सामूहिक सद्भावना को सुदृढ़ करते हैं और संस्कृति की जड़ों से जुडने का अवसर प्रदान करते हैं। कल प्रातः उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर यह चार दिवसीय पावन पर्व संपन्न होगा। श्रद्धालु परिवारों ने कहा कि वे इस पवित्र क्षण की तैयारी पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ कर रहे हैं।

# सीएम योगी और अमित शाह पर अपशब्द बोलने वाली किशोरी का वीडियो वायरल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में एक किशोरी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अपशब्द कहने का मामला सामने आने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में किशोरी ने न केवल शीर्ष नेताओं के प्रति अमर्यादित टिप्पणी की है, बल्कि धार्मिक टिप्पणी भी की, जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तुलसी निकेतन चौकी प्रभारी अभिषेक ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। फिलहाल वीडियो की लोकेशन की पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस ने बताया कि वीडियो करीब 10 दिन पुराना है। वायरल वीडियो में किशोरी एक ऑनलाइन चैनल की आईडी पर बात करते हुए नजर आ रही है। उसके आसपास कुछ लोग खड़े दिखाई दे रहे हैं। बातचीत के दौरान वह अपना पता बताती है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करती है। इतना ही नहीं, किशोरी ने एक धर्म विशेष को लेकर भी अमर्यादित टिप्पणी की है।

# जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र बनेगा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस परिसर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अंबेडकर रोड स्थित जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में रविवार को अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल 'मेदी वालेज' की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें परिसर की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बैठक के तुरंत बाद मैदान और कार्यालय परिसर में सफाई अभियान शुरू कर दिया गया।

अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल ने बताया कि केंद्र परिसर को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत मैदान की पूर्ण सफाई, प्रकाश व्यवस्था का सुधार, फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव की विशेष व्यवस्था की जा रही है, जिससे परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त बनाया जा सके।

उन्होंने बताया कि सफाई कार्य के दौरान लगभग 8 से 10 ट्रक कचरा उठवाया गया, जिससे पूरे परिसर का स्वरूप निखर उठा। साथ ही, प्रकाश व्यवस्था में सुधार के लिए नए एलईडी लाइटें लगाई जा रही हैं ताकि रात के समय भी केंद्र परिसर रोशन और सुरक्षित बना रहे। राजेन्द्र मित्तल ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र गाजियाबाद का एक प्रतिष्ठित सामाजिक और सांस्कृतिक स्थल है, इसलिए इसकी स्वच्छता और व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आने वाले समय में यहाँ की सुविधाओं को और भी बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरण, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था और स्मार्ट इवेंट प्रबंधन प्रणाली लागू करने की योजना है। उनके मार्गदर्शन में कार्य को और गति देने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संजीव मित्तल, विशाल अग्रवाल (राजस्थान वाले), दुष्यंत गुप्ता, चेतन शर्मा, मनीष शर्मा, युवराज ठाकुर सहित कई अन्य सदस्य और स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे जिन्होंने सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। राजेन्द्र मित्तल ने अंत में कहा कि आने वाले दिनों में युवा केंद्र के मैदान को आधुनिक खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त रूप में विकसित किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश, फसल अवशेष जलाने वालों पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-7 के शासनादेश तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य प्रकरण में पारित आदेशों के अनुपालन में जनपद गाजियाबाद में फसल अवशेष (पराली) जलाने से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन स्तर से जारी विस्तृत दिशा-निदेर्शों के क्रम में प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में सचल दस्तों का गठन किया गया है। ये दल फसल कटाई शुरू होते ही सक्रिय रहेंगे और फसल अवशेष जलाने की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सचल दल न्याय पंचायत, ब्लॉक और तहसील स्तर पर कार्य करेंगे। फसल कटाई से पूर्व इन समितियों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी सदस्यों को फसल अवशेष प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और पराली जलाने से रोकथाम के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कृषि विभाग फसल कटाई से पहले न्याय पंचायत, ब्लॉक, तहसील एवं जनपद स्तर पर कृषक गोष्ठियों का आयोजन करे। इन बैठकों में किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन योजना के बारे में जानकारी दी जाए और उन्हें इन-सीटू प्रबंधन तकनीकों एवं आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अतिरिक्त, किसानों के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी संदेश प्रसारित कर पराली न जलाने की अपील की जाएगी।



उन्होंने कहा कि जनपद में अधिकतर मामलों में गन्ने की पत्तियां जलाने की घटनाएं सामने आती हैं, जिन्हें रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। गन्ना विभाग चीनी मिलों के सहयोग से गन्ना किसानों को जागरूक करेगा और ग्राम पंचायतवार कार्यक्रम आयोजित कर बताएगा कि गन्ने की पत्तियों को मिट्टी में मिलाने से भूमि की उर्वरता कैसे बढ़ती है। साथ ही इन-सीटू प्रबंधन वाले यंत्रों का प्रदर्शन भी कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए कि सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर सतर्क रहना होगा और ऐसी किसी भी गतिविधि को तुरंत रोकना सुनिश्चित करना होगा। राजस्व विभाग को भी निर्देशित किया गया है कि यदि कहीं पराली जलाने की घटना होती है तो संबंधित लेखपाल मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे और साक्ष्यों सहित रिपोर्ट नायब तहसीलदार या तहसीलदार को देंगे। तत्पश्चात तीन दिन के भीतर दोषी किसान को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। सुनवाई के बाद यदि दोष सिद्ध होता है, तो राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 की धारा-24 के तहत क्षतिपूर्ति वसूली जाएगी, और पुनरावृत्ति की स्थिति में धारा-26 के तहत अर्थदंड लगाया जाएगा।

भारत सरकार के राजपत्र संख्या-632, दिनांक 6 नवम्बर 2024 के अनुसार, पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि निम्नानुसार निर्धारित की गई है। जिसमें 2 एकड़ से कम क्षेत्र पराली जलाने पर 5000 का जुमार्ना, 2 से 5 एकड़ के बीच 10000 का जुमार्ना, 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 30000 प्रति घटना का अर्थदंड लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि विकास खंड स्तर पर भी समितियों का गठन कर लिया गया है, जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी करेंगे। इन समितियों में नायब तहसीलदार, संबंधित विभागों के अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी (कृषि) शामिल होंगे, जो समन्वय स्थापित कर सभी कार्रवाइयों को प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षों में कूड़ा-करकट जलाने की घटनाएं भी सामने आई थीं। इसे ध्यान में रखते हुए अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को निर्देशित किया गया है कि वे नगर निगम, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें, ताकि किसी भी दशा में कूड़ा या ठोस अपशिष्ट जलाने की घटना न हो सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रतिबद्ध है और फसल अवशेष जलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे पराली को न जलाएं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें।

# बिस्किट में मिला जहर खाकर हुआ बेहोश, 70 हजार रुपये समेत लाखों का सामान लूटा

**साहिबाबाद।** लिंकरोड थाना क्षेत्र के कौशांबी बस अड्डे से बरेली के लिए बस में सवार हुए एक युवक को जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बना लिया। युवक को दोस्ती का झांसा देकर बिस्किट में नशीला पदार्थ खिलाया गया, जिससे वह बेहोश हो गया। इस बीच बदमाश उसका बैग, लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, सोने की चेन, नकदी, क्रेडिट कार्ड और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गया। बाद में आरोपियों ने क्रेडिट कार्ड से 70 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित जब बरेली पहुंचा तो होश में आने पर खुद को अस्पताल में पाया। उपचार के बाद जब उसने पूरी घटना याद की तो उसके होश उड़ गए। लखनऊ के कृष्णा नगर न्यू सिंधु नगर निवासी गौतम दास, जो मुंबई में नौकरी करते हैं, ने पुलिस को बताया कि 23 सितंबर को वह फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे और बरेली जाने के लिए कौशांबी बस अड्डे से बस में सवार हुए। बस में उनके पास बैठे एक युवक ने उनसे दोस्ती की और समय बिताने के लिए लूडो खेलने का प्रस्ताव दिया।